## न्यूज गैलरी

### चामचुंआ स्कूल के समीप भगवान बिरसा मुण्डा लगेगी प्रतिमा

नामकुम। वरिष्ट नागरिक महावीर मुण्डा की अध्यक्षता में रविवार को एक विशेष आम सभा की गई। आम सभा की बैठक में रांची-टाटा के राष्ट्रीय राज्य मार्ग 33 उलीडीह जामचुवा के शहीद वीर विरसा (मुण्डा) भगवान का प्रतिमा निर्माण का निर्णय लिए गया। प्रतिमा निर्माण के लिए 52 पड़हा राज्य के अध्यक्ष प्रदीप तिर्की व स्थानीय लोगों के सहयोग से किया जाएगा। इस पर सभी पंचायत के सभी ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने एक सुर में इस नेक काम के लिए सभी ने अपनी अपनी स्वीकृति दी। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदीप तिर्की उक्त चौक के भगवान बिरसा मुण्डा प्रतिमा लगाने के बाद उसे सुंदरीकरण भी किया जाएगा। इस मौके पर बैठक में मुख्य रूप से महावीर मुन्डा, मदन टुटरी प्रदीप तिर्की, रामदास कुश्वर, प्रेमुदय लकड़ा, श्रवण कच्छप, डोमना मुण्डा, दशाम पाहन, फागू पाहन, सोमरा हस्सा, जदुनाथ सिंह, गुण्डा अन्योनी लकडा, दुशमा, नरेश कच्छम ग्राम प्रधान उरांव सविता कुजूर, धुचू कुपूर, सुनिता कुवर सहित सैकड़ों की संख्या में गामीण मौजूद थे।

### रघुवर दास ने शोक जताया

रांची। बीजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि श्री द्वारका-शारदा पीठ व ज्योतिर्मठ पीठ के शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद जी का देवलोक गमन का अत्यंत दुखद समाचार मिला। सनातन धर्म के लिए यह अपूरणीय क्षति है। सनातन परंपरा को समृद्ध करने के साथ साथ समाजसेवा के भी अनुपम कार्य किए। प्रभु उन्हें अपने श्रीचरणों में समाहित करें।

### न्यायालय में गवाही देने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया



मुरी। मुरी जीआरपी प्रभारी मोहम्मद जुल्फिकार खान के नेतृत्व में न्यायालय में गवाही देने हेतु अपने आसपास लोगो को जागरूक करने के लिए छोटा मुरी बाजार में जागरूकता अभियान का आयोजन रविवार को किया गया। इस अभियान में जीआरपी अपने दल बल के साथ छोटा मुरी रेलवे कॉलोनी आदि जगहों पर लोगों को गवाही देने के लिए जानकारी दिया उन्होंने कहा कि लोग गवाह देने के लिए तत्पर रहे उन्हें किसी तरह से परेशानी उठानी नहीं पड़ेगी न्यायालय का दवाई एक आम फैसला माना गया है जो लोगों को अपना अधिकार पहचान कर गवाही में उपस्थित होना चाहिए।

### पुलिस ने आर्मस एक्ट के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

रांची। लोअर बाजार थाने की पुलिस ने आर्मस एक्ट के फरार आरोपी को गिरफ्तार कर रविवार को जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपी का नाम नीतिश कुमार है और वह थड़पखना का रहने वाला है। बताया जा रहा है कि आरोपी के खिलाफ 2016 में आर्मस एक्ट का मामला दर्ज हुआ था। उस समय से फरार चल रहा था। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी काली चरण लेन थड़पखना में है। पुलिस की टीम शनिवार की रात छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल, एक रांची रिम्स रेफर

बेड़ो। बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा मोड़ मांडर सड़क पर रविवार की संध्या हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना रविवार की संध्या करीब 5:30 बजे की है। जहां घटना के बाद मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने सड़क दुर्घटना में घायल बाइक सवार दोनों युवक को उठाकर इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो पहुंचाया। जहां सड़क दुर्घटना में घायल दोनों युवकों की पहचान खूंटी के हुटार टोली निवासी 22 वर्षीय राहुल कुमार वर्मा पिता मनोज कुमार वर्मा व 23 वर्षीय आकाश कुमार महतो पिता रामवृत महतो के रूप में हुई है। इधर बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर काजोल सिंह ने सड़क दुर्घटना में घायल दोनों युवकों का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल अकाश कुमार महतो को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। इधर सड़क दुर्घटना के बाद अपना इलाज करा रहे राहुल कुमार वर्मा ने बताया कि वह दोनों अपने बाइक में सवार होकर खूंटी से बेड़ो के पुरियो गांव अपने मेहमान के यहां आए थे।

---

कम मुआवजा राशि मिलने और सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने की बैठक

# जब तक हाई कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता है तब तक ग्रामीणों को कागजात के लिए बाध्य ना करें अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के जरिया मैदान में रविवार को ग्राम प्रधान पेरो उरांव की अध्यक्षता में एनएचएआई पलमा-गुमला फोरलेन सड़क निर्माण में जा रहे जमीन की कम मुआवजा राशि मिलने और सड़क निर्माण का कार्य प्रारंभ किए जाने से नाराज ग्रामीणों ने बैठक किया। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि पलमा गुमला फोरलेन सड़क निर्माण और बेड़ो बाईपास में जा रहे जमीन का मुआवजा राशि बाजार मूल्य से बहुत ही कम दी जा रही है। जिसका ग्रामीणों ने हमेशा ही विरोध किया है। ग्रामीणों ने बताया कि 3 फरवरी 2022 को उपायुक्त रांची को एक ज्ञापन सौंपा की सड़क निर्माण में



जा रहे हैं जमीन के रैयातों को उचित मुआवजा मिले लेकिन ग्रामीणों को संतुष्टि नहीं हुई तो ग्रामीणों ने हाई कोर्ट रांची में मुआवजा दर बढ़ाने को लेकर केस भी दर्ज कराया गया है और केस की सुनवाई अभी पूरी भी नहीं हुई है और अंचलाधिकारी बेड़ो, एनएचएआई के अधिकारी व भू अर्जन पदाधिकारी रांची के द्वारा लगातार जमीन के रैयतो के बीच कागजात जमा करने के लिए दबाव डाला जा रहा है। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि

■ ग्रामीणों ने हाई कोर्ट रांची में मुआवजा दर बढ़ाने को लेकर केस भी दर्ज कराया गया है और केस की सुनवाई अभी पूरी भी नहीं हुई और पदाधिकारी कागज की मांग कर रहे हैं।

जब तक हाई कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता है तब तक ग्रामीणों को कागजात जमा करने के लिए बाध्य ना करें और ना ही किसी भी अधिकारी के द्वारा तंग किया जाए। ग्रामीणों ने कहा कि हम ग्रामीण विकास विरोधी नहीं है, उनकी मांग सिर्फ और सिर्फ उचित मुआवजा की है। बैठक में जरिया पंचायत के सभी जमीन रैयत एवं ग्रामीण शामिल थे।

## नामकुम पुलिस ने दो हाईवा अवैध बालू समेत मालिक व दो चालक को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** नामकुम थाना पुलिस ने देर रात अवैध रूप से बालू से लदे दो हाईवा डंपर गाड़ी पकड़ जब्त किया है। गाड़ी के साथ ही तीन लोगों दीपाटोली निवासी मालिक हरिहर सिंह व दो चालक बिहार निवासी चालक प्रशांत कुमार व रमेश कुमार सिंह शामिल है। घटना के संबंध में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुनील तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की देर रात को खूंटी, बूण्डू अन्य जगहों बालू का अवैध कारोबार चल रहा है। जिसके बाद लोवाडीह चौक के समीप प्रभारी सुनील तिवारी व सब इंस्पेक्टर अनिमेश शांतिकारी, इवें मुंडू सहित सशस्त्र बल छापेमारी अभियायन चलाया गया। इस दौरान पुलिस को देख बालू से लदे हाईवा फरार होने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस पहले से मुस्तैद थी। पुलिस ने गाड़ी के साथ मालिक व चालक पकड़ थाने में ले आई। पुलिस की पुछताछ में बताया कि वे खूंटी से तुपूदाना, खरसीदाग से होते हुए शहर की ओर ले जा रहें थे। वहीं इस संबंध में पुलिस ने खनन पदाधिकारी के सूचना के बाद लिखित आवेदन के बाद सभी पर मामला दर्ज किया गया।

## मुरी टुगरी पार्क के समीप कुर्मी करम आखड़ा का भव्य आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिल्ली।** मुरी टुंगरी पार्क के समीप रविवार को कुड़मी करम अखाड़ा के तत्वावधान में करमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मनोहर महतो ने करम डाली गाड़ा और पूर्व शिक्षक समल महतो के द्वारा नेगा चारी किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं उप प्रमुख आरती देवी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजा राम महतो ने कहा कि करम परब हमारी सांस्कृतिक धरोहर है जिसे बचाना हम सबों का कर्तव्य है। वहीं रामपदो महतो ने इसे पुरखेनी धरोहर बताते हुए ऐसे आयोजन के लिए आयोजकों का आभार जताया। विशिष्ट अतिथि जयपाल सिंह, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, लक्ष्मण महतो, सुशील महतो, डॉ नीना महतो रेलवे के इंजीनियर एके सिंह, अमित कुमार एवं अन्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अंबा रानी महतो, दिनेश कुमार महतो, सुशांत महतो तुलिन और पुरुलिया पश्चिम बंगाल से आए



कलाकारों ने अपने अपने गीतों के प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। सुषमा महतो के गीत कने देलउ डाला टंकि कने देलउ करम साड़ी.....पर लोग नाचने पर विवश हो गए। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति के कलानी माताओं ने सभी अतिथियों कलाकारों एवं उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में भक्ति महतो, कल्याणी महतो, बबीता महतो मनोज महतो, प्रकाश महतो, अरुण महतो, ज्योति प्रसाद महतो, सच्चिदानंद महतो भागीरथ महतो, मनीष महतो, बसंत महतो, महादेव महतो, नीलमणि महतो, नरसिंह महतो, कृष्ण महतो, नवल किशोर महतो, मनोहर महतो आदि का सराहनीय योगदान रहा। करम अखाड़ा के तत्वावधान में करमा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। मनोहर महतो ने करम डाली गाड़ा और पूर्व शिक्षक समल महतो के द्वारा नेगा चारी किया गया। मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष वीणा चौधरी एवं उप प्रमुख आरती देवी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजा राम महतो ने कहा कि करम परब हमारी सांस्कृतिक धरोहर है जिसे बचाना हम सबों का कर्तव्य है। वहीं रामपदो महतो ने इसे पुरखेनी धरोहर बताते हुए ऐसे आयोजन के लिए आयोजकों का आभार जताया। विशिष्ट अतिथि जयपाल सिंह, प्रमुख जितेंद्र बड़ाइक, लक्ष्मण महतो, सुशील महतो, डॉ नीना महतो रेलवे के इंजीनियर एके सिंह, अमित कुमार एवं अन्य अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में अंबा रानी महतो, दिनेश कुमार महतो, सुशांत महतो तुलिन और पुरुलिया पश्चिम बंगाल से आए कलाकारों ने अपने अपने गीतों के प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया।

### बेड़ो पावर ग्रिड के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोग घायल, एक रांची रिम्स रेफर

**बेड़ो।** बेड़ो थाना क्षेत्र के रांची गुमला मुख्य मार्ग पावर ग्रिड के समीप बाइक और अज्ञात वाहन की टक्कर में बाइक सवार गुमला कुंभा टोली निवासी 26 वर्षीय रजनी कुमारी पिता महेश्वर उरांव व 30 वर्षीय बृजेश उरांव पिता सुकरा उरांव सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सड़क दुर्घटना रविवार सुबह 9:00 बजे के आसपास की है। इधर घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने घायलों को उठाकर इलाज के लिए बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेड़ो में डॉक्टर सुमन ने सड़क दुर्घटना में घायल रजनी कुमारी व बृजेश उरांव का प्राथमिक उपचार करते हुए गंभीर रूप से घायल 24 वर्षीय रजनी कुमारी को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## मानव तस्करी के रोकथाम को लेकर टीडीएस ने बच्चों के बीच कराया कबड्डी प्रतियोगिता

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के करगे गांव में रविवार को होप और टीडीएच के सयुंक्त प्रयास से बाल दुर्व्यवहार के रोकथाम एवं पुनर्वास हेतु सुरक्षा के लिए बच्चियों के बीच कब्बड्डी कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के माध्यम से बेड़ो प्रखंड के विभिन्न गांवो में जाकर बच्चों एवं ग्रामवासियों के बीच जागरूकता लाना एवं कब्बडी 4 प्रोटेक्सन के माध्यम से बाल दुव्यार्पार, ट्रैफिकिंग, बाल विवाह, मानव तस्करी के रोक हेतू लोगों एवं युवाओं को तैयार, करना, ड्रॉपआउट बच्चों को चिन्हित कर पुनः स्कूल से जोड़ना और बच्चों को बाल अधिकार कोविड 19 से बचाव के बारे में बच्चों समेत समुदाय के लोगों को जानकारी दी गई कहोप एवं टीडीएच की भागीदारी से महिलाओं,



किशोरियों एवं बच्चों को सुरक्षित माहौल प्रदान किया जा रहा है, इस कार्यक्रम में उपस्थित किशोरियों को जेन्डर में जोडकर चर्चा की गई। कब्बड्डी प्रतियोगिता सिनगी दई तथा तेलेंगा टीम के बीच खेला गया। जिसमें सिनगी दई की टीम विजयी रही। इस खेल के माध्यम से अपने आस पास सुरक्षित माहौल को समझने हेतू पहल पर भी सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के के प्रति जागरूकता की गईक इस कार्यक्रम को सफल में मनोरमा एक्का, करगे गांव की जानकी एवं बुद्धेश्वर उरांव एवं 35 किशोरियों और ग्रामवासियों का योगदान रहा।

## स्टोर इंचार्ज और डिलेवरी ब्वाय को धोखाधड़ी व चोरी के मामले में पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के जगन्नाथपुर थाने की पुलिस ने एक ऑनलाइन कंपनी के स्टोर इंचार्ज और डिलेवरी ब्वाय को धोखाधड़ी व चोरी के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जेल जाने वाले आरोपियों में धुर्वा निवासी स्टोर इंचार्ज हर्ष कुमार और डिलेवरी ब्वाय हिमांशू शामिल है। आरोपी कंपनी के स्टोर से मोबाइल चोरी करते थे और उसे फर्जी बिल बनाकर बाजार में बिक्री किया करते था। पुलिस ने आरोपियों के पास से चोरी का मोबाइल और फर्जी बिल भी बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस के समक्ष अपना जुर्म स्वीकार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी हर्ष कुमार एक ऑनलाइन कंपनी में स्टोर इंचार्ज के पद पर काम कर रहा था। कंपनी से मोबाइल से लेकर अन्य ग्राहकों को देने वाला अन्य सामान स्टोर में ही जमा होता था। जिन ग्राहकों तक सामान नहीं पहुंचता था या फिर रिजेक्ट हो जाता था, वह सामान भी स्टोर में ही जमा होता था। वैसे मोबाइल को कंपनी को वापस करने के बजाए आरोपी हर्ष स्टोर से निकालता था। फर्जी बिल बनाकर उसे बाजार में बेच देता था। इसका खुलास तब हुआ जब धुर्वा स्थित खुशी टेलीकॉम के मालिक प्रमोद कुमार को भी उसने फर्जी बिल के आधार पर मोबाइल बेचा था। इसके बाद प्रमोद ने आरोपी के खिलाफ जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस मामले की जांच की तो आरोप सही पाया गया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजी।

**घर में बनाकर रखा था फर्जी बिल :** पुलिस ने आरोपी के घर से फर्जी बिल बुक बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि जिस कंपनी में वह काम करता था, उसी का फर्जी बिल बनाकर अपने पास रखा था। जब भी मोबाइल बेचने जाता था, तब ग्राहकों को वह वहीं बिल दिया करता था।

**हरमू व सूधा कांप्लेक्स में बेच चुका है मोबाइल :** पुलिस के अनुसार आरोपी हरमू और मेन रोड सूधा कांप्लेक्स के दुकानों में मोबाइल की बिक्री कर चुका है।

### युवाओं के पास हुनर और काबिलियत हो तो तरक्की करने से कोई रोक नहीं सकता : अजय

**बेड़ो।** बेड़ो प्रखंड के हरिहरपुर जामटोली में आरसी प्राथमिक विद्यालय के समीप बीके स्टूडियो एंड फोटोग्राफी सेंटर नामक प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया गया। प्रतिष्ठान का फीता काटकर बतौर मुख्य अतिथि एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय के सहायक शिक्षक अजय लकड़ा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। शंकर कुजूर ने बताया कि स्टूडियो में फोटोग्राफी के अलावे सीएससी सेंटर की तरह ऑनलाइन आधार कार्ड बनाने, बैंकिंग सुविधा, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड बनाने सहित सभी तरह डिजिटल कार्य की सुविधाएं एक ही छत के नीचे सुलभ होंगे। वही फीता काटकर उद्घाटन करने वाले मुख्य अतिथि के रूप में अजय लकड़ा ने कहा कि आज के समय में उद्यमिता और स्वरोजगार के क्षेत्र में अगर युवाओं के पास हुनर और काबिलियत है तो तरक्की करने से उन्हें कोई नहीं रोक सकता।

सीआरपीएफ व टाटीसिलवे पुलिस ने गंगाघाट में चलाया जागरूकता अभियान

## युवा चलती ट्रेन व रेलवे ट्रैक पर सेल्फी लेने का प्रयास ना करें : करमाली

**नवीन मेल संवाददाता**

**नामकुम।** जन जागरण के तहत रविवार को टाटीसिलवे थाना व रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट रांची के संयुक्त रूप से टाटीसिलवे,गंगाघाट,गौतम धारा से चतरा गांव के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पदाधिकारियों के निदेर्शानुसार और जोन के एल एन के आलोक में आरपीएफ, सीआर,यूआई, आरपीएफ अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्थानीय थाना प्रभारी इंस्पेक्टर महेन्द्र करमाली, टाटीसिलवे, ग्राम प्रधान क्रिस्टो कुजूर, मुखिया डॉली मुंडा और चतरा प्रखंड के अन्य सामाजिक कार्यकताओं, टाटीसिलवे कई ग्रामीण क्षेत्रों के रेलवे लाईन गुजरने वालों स्थानीय लोग की मौजूदगी जागरूक किया गया। प्रभारी महेन्द्र





करमाली ने लोगों से ग्रामीणों को अनुरोध करते हुए कहा कि कोई युवा व अन्य लोग अनावश्यक रूप से रेलवे ट्रैक पार न करें। इसके साथ ही रेलवे ट्रैक के पास सेल्फी लेने का प्रयास भी ना करें। क्योंकि सेल्फी की घटना के चलते दुघर्टना का शिकार हो चुके हैं। सब इंस्पेक्टर सूरज पाण्डेय ने कहा कि रेलवे ट्रेक व चलती ट्रेन में कभी वीडियों बनाने का प्रयास ना करें। इसके साथ ही ट्रेन के पावधानी पर यात्रा न करें और चलती ट्रेनों पर पत्थर न फेंके। मुखिया और प्रधान से भी अनुरोध किया गया कि वे इन संदेशों को अन्य ग्रामीणों के बीच मासिक बैठक के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों में चर्चा एवं जागरुक सचेत करें। संब इंस्पेक्टर सोहन लाल, प्रधान आरक्षी जे. पी. महतो, रामजी नायक, सिपाही सुनील कुमार केशरी,नरेन्द्र कुमार, महिला आरक्षी शिखा धाकड़ व दिव्या कुमारी शामिल थे।

लापुंग के बूढ़नी बरटोली गांव में जलमीनार से पेयजलापूर्ति ठप्प

# 15 दिनों से पेयजल को लेकर गांव में मचा हाहाकार, एक किलोमीटर दूर जाकर लाना पड़ रहा है पीने का पानी

**नवीन मेल संवाददाता**

**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के महुगांव पंचायत अंतर्गत बूढ़नी बरटोली गांव में 15 दिनों से यहां के ग्रामीण भीषण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी राजकीय प्राथमिक विद्यालय बूढ़नी के छोटे-छोटे बच्चों को हो रही है। लापुंग प्रखंड के अति पिछड़े इलाकों में अवस्थित बूढ़नी बरटोली पहले से ही पक्की सड़क से नहीं जुड़ पाने की समस्या से जूझ रहा है। अब पिछले 15 दिनों से यहां के ग्रामीणों को एक किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है। बढ़नी बरटोली के राजू गोप ने बताया कि गांव में अवस्थित इकलौता जल मीनार से पिछले 15 दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। यहां की गई बोरिंग के समरसेबल मोटर पंप 15 दिन पहले ही खराब हो गया है। जिससे यहां की महिलाओं और पुरुषों को पानी लाने के लिए एक



किलोमीटर दूर जाना पड़ रहा है। गांव के राजू गोप के अलावे अमर बरला, समसोंग बरला, मानुएल बरला, जोधन बरला, सामुएल बरला, धर्मपाल लोहरा, दयाल बरला के अलावे एडलिन बरला, मुक्ता हेरेंज, मरियम बरला, प्यारी बरला, सरिता बरला सहित दर्जनों महिलाओं ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से गुहार लगाते हुए कहा है कि 24 घंटे के अंदर यहां नया समरसेबल लगाया जाय और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया जाय। उन्होंने बताया कि मुखिया मेरी होरो को मामले की जानकारी होने के बावजूद कोई कदम नहीं उठा रहीं। इससे गांव में भारी नाराजगी देखी जा रही है।

### स्थानीय लोगों ने थाने में शिकायत दर्ज करायी

**रांची।** ओरमांझी स्थित प्रोजेक्ट प्लस टू उच्च विद्यालय के आसपास के कुछ युवकों द्वारा दूसरे समुदाय की छात्राओं को हथियार दिखाकर दोस्ती करने के लिए कहा गया है और ऐसा नहीं करने पर उठा लेने की धमकी दी गयी। इस तरह की शिकायत मिलने पर स्कूल के शिक्षकों और कुछ छात्राओं ने विरोध किया, तो उन्हें भी परिणाम भुगतने की चेतावनी दी गयी। छात्राओं का आरोप है कि इस तरह की धमकी एक सप्ताह से दी जा रही है। डरी-सहमी छात्राओं ने इसकी जानकारी अपने अभिभावकों को भी दी। जिसके बाद मामले को लेकर शनिवार को स्कूल परिसर में बैठक हुई। वहीं ओरमांझी थाना को भी इसकी जानकारी दी गयी। इधर, बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने इस घटना पर नाराजगी जताते हुए कहा कि स्कूल के आहाते में घुस कर वहां की अध्ययनरत बालिकाओं को हथियार के बल पर दोस्ती करने का दबाव बनाना दुर्भाग्यपूर्ण है।

भय और बदहाली में शिक्षा लेते गांव के मासूम, जिम्मेदार उदासीन

# बच्चे अधूरे व जर्जर भवन मैं पढ़ने को मजबूर

**नवीन मेल संवाददाता**

**बेड़ो।** समाज के हर नागरिक को शिक्षित करने का व शिक्षा गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से सरकार लगातार प्रयास कर रही है पर जिन भवनों में बैठकर बच्चे शिक्षा ग्रहण करते हैं उन बदहाल स्कूल भवनों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। प्रखंड के असरो गांव में संचालित राजकीय कृत उच्च विद्यालय आज भी भवन के लिए तरस रहा है। विद्यालय भवन का आलम यह है कि छात्र-छात्राएं आधे अधूरे व जर्जर भवन में अपना भविष्य गढ़ रहे है। इस स्कूल परिसर में एक दशक पूर्व में नया बना स्कूल भवन आधा अधूरा पड़ा हुआ है। असरो गांव के ग्रामीण व बच्चों के अभिभावक प्रशासन को कई बार अवगत करा चुके हैं। लेकिन हर बार आश्वासन तो मिलता है पर स्कूल भवन की स्थिति अब तक



नहीं सुधरी है स्कूल का भवन आज भी आधा अधूरा पड़ा हुआ है इस अधूरे भवन के बारे में कोई सोचने समझने वाला नहीं जब भी आला अफसर जांच में पहुंचते हैं तो आश्वासन देते हैं कि भवन जल्द से जल्द पूरा हो जाएगा लेकिन पिछले एक दशक से भवन के बारे में कोई सुध लेने वाला नहीं है। जनप्रतिनिधियों से लेकर जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता ने यहां के विद्यार्थियों को बेहतर माहौल से वंचित रखा है। यहां पुराने भवन की छत जर्जर हो चुके हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी कई बार दी जा चुकी है लेकिन कोई सकारात्मक पहल अब तक नहीं की गई है। विद्यालय में आज भी 427 बच्चे आधे अधूरे व जर्जर भवन में बच्चे बैठ कर शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं।

## न्यूज गैलरी

### नशापान से दूर रहें और शिक्षित, सभ्य समाज का निर्माण करें: विधायक

**सिमडेगा।** सदर प्रखंड के पिथरा माहकुरटोली में रविवार को धूमधाम से संत मोनिका का पर्व मनाया गया। मौके पर पल्ली पुरोहित फादर पीटर मिंज की अगुवाई में विशेष मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया। फादर पीटर का सहयोग फादर प्रकाश,फादर समीर ने किया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने केक काटकर किया। अपने संदेश में विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि संत मोनिका की तरह कभी हताश मत होइये। अपने बच्चों के लिए अथक प्रार्थना कीजिए। संत मोनिका एक जीवन देने वाली महिला थी। अधिक से अधिक लोगों को मानवीय बना सकती थी। उसने अपने पति को खीस्तीय विश्वास की ओर प्रेरित किया। अपने बच्चों के सुख-दु:ख में साथ दिया। ईश्वर ने उसकी प्रार्थना सुनी। कहा कि संत मोनिका महिलाओं की आदर्श हैं। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने धर्म, समाज और संस्कृति की रक्षा के लिए एकजुट रहें। समाज की तररक्की में भागीदारी बनें। सरकार की योजनाओं को स्वंय भी लाभ लें। अपने समाज और पड़ोसी के लोगों को भी योजनाओं की जानकारी देते हुए उसका लाभ लें। अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दें। नशापान से दूर रहें और शिक्षित, सभ्य, और खुशहाल समाज का निर्माण करें।

### धूमधाम से मनाया गया एसवीडी धर्म समाज का स्थापना दिवस



**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर स्थित संत अर्नाल्ड चर्च कुसुमबेड़ा में रविवार को धूमधाम के साथ एसवीडी धर्म समाज की स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर मिस्सा पूजा का आयोजन किया गया जहां पर मुख्य अनुष्ठाता के रूप में फादर मयार्नुस के द्वारा किया गया जिनका सहयोग फादर संजीव एवं संत अर्नाल्ड उच्च विद्यालय तुरबुङ्गा के प्रधानाचार्य फादर अंसेलेन के द्वारा संपन्न की गई। इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां पर मुख्य अतिथि के रूप में अंचलाधिकारी समीर कच्छप, जिला परिषद अजय का प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं ठेठईटांगर पंचायत की मुखिया संगीता मिंज उपस्थित रही। इस मौके पर कैथोलिक सभा ,महिला संघ, युवा संघ ,अंबाटोली माधोटोली, बांसपहाड़ कुसुम बेड़ा के काफी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही। मौके पर फादर मयार्नुस ने अपने संबोधन में कहा एसवीडी समाज के संस्थापक फादर अर्नोल्ड जॉनसन हमेशा कहते थे अज्ञानता के कारण व्यक्ति अपने गलत सोच विचार धारणा और दृष्टिकोण के कारण झूठ और दिखावे का जिंदगी जीता है जो उसके जीवन में अशांति लाती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को होश में आना है और जिंदगी को सत्य जानना है। हमेशा परोपकार दूसरे की सेवा मानव सेवा में ही दूसरे की भलाई करने में ही खुद की जीत है। हमें समाज में रहकर समाज के सभी गतिविधियों का निर्वहन करना है ताकि समाज में सभी कर्तव्यों को पूरा किया जा सके। कार्यक्रम में तीन मंडली सेनाज और विद्यालय के बालिकाओं के द्वारा नाच प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रमोद ,विक्टर, सुमन, अमित, सुशीला, रीना, जेवियर,बिबियना,देवनिस, विमला आदि लोगों की सराहनीय भूमिका रही।

### विधायक संजीव सरदार ने खराब जर्जर सड़क को मरम्मत कराया

**जमशेदपुर।** झारखण्ड -ओडिशा एनएच 220 मुख्य सड़क काफी खराब और जर्जर हो चुके हैं,आये दिन लोग सड़क घटना में घायल हो रहे हैं। उड़ीसा और झारखण्ड के लोग इसी 220 हाइवे मुख्य सड़क से आना जाना करते हैं, हेंसडा-पालीडीह गाँव के समीप सड़क काफी खराब और जर्जर चुके हैं,आए दिन लोग सड़क दुर्घटना में घायल हो रहे हैं, लेकिन किसी भी बड़े अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं है। वहीं स्थानीय पोटका विधायक संजीव सरदार के द्वारा जर्जर सड़क को मरम्मत कराने का काम किया जा रहा है, ताकि यात्रियों को किसी प्रकार के दिक्कत ना हो।

### धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर हुई बैठक

**गढ़वा ।** दुर्गा पूजा मनाने को लेकर तिवारी पूजा समिति के सदस्यों ने शनिवार को उमाकान्त तिवारी की अध्यक्षता पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाने हेतु मां दुर्गा की प्रतिमा, विधिपूर्वक पूजन सजावट, सुविधा के संदर्भ में बैठक तिवारी रेस्ट हाऊस में आहूत की गई। बैठक में विचार विमर्श कर पंडाल की सजावट, साऊण्ड की सजावट, भक्ति जागरण गायन भक्ति मृत्य, फूल सजावट, प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रमों को लेकर तिवारी पूजा समिति के सदस्यों को कार्यभार सौंपा गया। इस अवसर पर उमाकांत तिवारी ने कहा कि माता दुर्गा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना व पंचमी को हरिकीर्तन कार्यक्रम, सप्तमी को भक्ति जागरण, अष्टमी को देव देवी रूप सज्जा एवं डांडिया कार्यक्रम किया जाएगा। कार्यक्रम के बाद प्राइज वितरण का भी कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर उमाकांत तिवारी के अलावे गोपाल प्रसाद कश्यप, मुन्ना सिंह, जितेंद्र सिंह, चंदन सिंह, आशीष कुमार, टुनटुन, विनोद प्रसाद, शशि शेखर गुप्ता, चंदन कुमार, कृष्ण कुमार, सुनील कुमार, राजन कश्यप, संजय तिवारी, ज्वाला तिवारी, आनंद पांडे आदि लोग उपस्थित थे।

### दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों ने बैठक कर कमिटी का किया गठन

**धुरकी।** प्रखंड के सदर पंचायत के कपूरीं चौक धुरकी में दुर्गा पूजा धूमधाम से मनाने का लिया गया निर्णय धुरकी पंचायत के कपूरीं चौक पर दुर्गा पूजा महोत्सव को लेकर ग्रामीणों के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से दुर्गा पूजा मनाने को लेकर रविवार को चर्चा किया गया, इसके बाद पूजा कमेटी का गठन किया गया बैठक में उपस्थित लोगों ने सर्वसम्मति से दिपु सिंह को अध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार को सचिव हरिओम यादव को बनाया गया, उसके बाद लोगों को कमेटी का सदस्य बनाया गया चुने गए अध्यक्ष दिपु सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार दुर्गा पूजा धूमधाम व सादगी तरीके से मनाया जाएगा। इस दौरान कपूरीं चौक के ही नवयुवक क्लब के युवाओं ने संघ के माध्यम से दुर्गा मां की प्रतिमा बनाने की पूरा खर्च निर्वहन करने का फैसला किया,और दशहरे के कार्यक्रम में भरपूर सहयोग करने की बात कही.इस मौके पर समाजसेवी दिपक सिंह,अभिषेक कुमार,तेजु कोरवा,विवेक सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा में विधि-व्यवस्था बनाये रखने को लेकर डीसी-एसपी ने की बैठक, कहा

# असामाजिक तत्वों व सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखें

**चाईबासा।** पश्चिमी सिंहभूम के जिला उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में दशहरा पूजा के विधि व्यवस्था से संबंधित वर्चुअल बैठक आहूत की गई । जिसमें जिला भू-अर्जन पदाधिकारी एजाज अनवर

- उपायुक्त अन्नय मित्तल ने पदाधिकारियों को दिये कई दिशा निर्देश
- शांति समिति की बैठक आहूत करना सुनिश्चित करने एसपी ने दिया निर्देश

,अनुमंडल पदाधिकारी सदर चाईबासा, पोड़ाहाट,चक्रधरपुर, जगन्नाथपुर, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं सभी अंचलाधिकारी सहित थाना प्रभारी उपस्थित रहे।



बैठक में उपायुक्त अनन्य मित्तल के द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी पदाधिकारी अपने क्षेत्र में स्थित सभी पूजा पंडाल कॉमेटी को चिन्हित करेंगे तथा स्थल निरीक्षण करते हुए पंडाल की जांच स्वयं करेंगे। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने क्षेत्रधीन असामाजिक तत्वों एवं सोशल मीडिया पर विशेष रूप से निगरानी रखेंगे तथा आवश्यकता होने पर सख्त कार्रवाई भी करेंगे। किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित ना हो को दृष्टिगत रखते हुए अनुमंडल एवं जिला स्तर पर कंट्रोल रूम का अधिष्ठापन कर कर्मियों तथा पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित किया जाए ताकि किसी प्रकार की समस्या संज्ञान में आने पर उसका त्वरित कार्रवाई किया जा सके ।

उपायुक्त ने कहा कि पंडाल आने-जाने के क्रम में सड़क खराब हो तो त्योहार से पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद से समन्वय स्थापित कर मरम्मती का कार्य संपादित कर लिया जाए । साथ ही पेयजल एवं विद्युत संबंधित कार्यों के लिए संलग्न कार्यालयों से सामंजस्य स्थापित कर कार्य पूर्ण किया जाए स विधि-व्यवस्था हेतु दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति करने से पूर्व विशेष रुप से सूची की जांच कर लिया जाए कि किसी कर्मी का सेवानिवृत्ति अथवा अन्यत्र जिला में स्थानांतरण ना हुआ हो ।

पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि सभी थाना प्रभारी/ प्रखंड पदाधिकारी त्योहार से पूर्व अपने अधीनस्थ शाखा में शांति समिति की बैठक आहूत करना सुनिश्चित करेंगे ।

नशापान को ध्यान में रखते हुए अवैध शराब एवं देसी शराब के ठिकानों में प्रतिदिन छापेमारी करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया स कहीं कोई घटना घटित हो जिससे संप्रदायिक माहौल बिगड़ने की स्थिति उत्पन्न हो ।उसका प्रखंड प्रशासन अपने स्तर से निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे स साथ ही विसर्जन के सभी रूट का शारीरिक रूप से जांच करने का निर्देश दिया गया ।उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था कार्य में प्रतिनियुक्त पुलिस दंडाधिकारीयों के द्वारा किसी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर विधि सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ।


## धनबाद उपायुक्त ने किया मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण

**धनबाद।** धनबाद के उपायुक्त संदीप सिंह ने रविवार को मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात उन्होंने कहा कि शीघ्र इसका हैंडओवर लेना है। इसलिए प्री-हैंडओवर निरीक्षण करना आवश्यक था। विशेष रूप से लाइट, पंखे व अन्य आवश्यक बुनियादी सुविधाओं को शीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया है। रात में भी यहां पर्याप्त रोशनी के लिए हाईमास्ट लाइटें लगाने व इसकी सुरक्षा पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा मेगा स्पोर्ट्स स्टेडियम जिस उद्देश्य के लिए बना है, वह पूरा होना चाहिए। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त संदीप सिंह के साथ कार्यपालक दंडाधिकारी सुशांत मुखर्जी, जिला खेल पदाधिकारी दिलीप कुमार सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जेईई एडवांस में दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची का शानदार प्रदर्शन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा शक्ति के बल पर जेईई एडवांस 2022 में एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन करके अपनी योग्यता साबित की है। इस अवसर पर सूर्यांश सृजन ने एआईआर 51 रैंक के साथ टॉपर बने एवं विद्यालय का नाम रौशन किया। वहीं आदित्य प्रकाश (एआईआर 70), विकास कुमार ओझा (एआईआर 157), अविरल सिंह (एआईआर 455), सस्मित आदित्य (एआईआर 1554), विपुल वैभव (एआईआर 1801), समृद्धि सहाय (एआईआर 1901), अनुपम गौरव (एआईआर 1925), शीर्ष सेन (एआईआर 1975), मानस रंजन (एआईआर 3451), प्रणव कुमार पांडे (एआईआर 5639), अश्मित कुमार (एआईआर 6049), वत्स आकाश (एआईआर 6161), रोहित कुमार



(एआईआर 7484), सार्थक आनंद (एआईआर 8494), पीयूष (एआईआर 9220), अश्विनी राज (एआईआर 9300), राहुल प्रसाद (एआईआर 9331), ऋषि राज (एआईआर 10539) रैंक हासिल किया है। उपर्युक्त प्रतिष्ठित परीक्षा में 50 से अधिक छात्रों ने क्वालीफाई किया है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्रधानाचार्य डॉ राम सिंह अत्यंत हर्षित एवं अभिभूत दिखे। उन्होंने छात्रों के साथ इस बेशकीमती पल को साझा किया और विद्यार्थियो के सराहनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

## झारखंड बचाओ मोर्चा का आदिवासी मूलवासी महासम्मेलन संपन्न, बोले वक्ता

# सीएनटी-एसपीटी एक्ट की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** ₹झारखंड बचाओ मोर्चा ₹के तत्वाधान में छोटा नागपुर प्रमंडलीय स्तर का महा सम्मेलन स्थानीय नीति एवं नियोजन नीति, पेसा कानून, सीएनटी एक्ट/ एसपीटी एक्ट को सख्ती से लागु करने की मांग को लेकर पी सी मुर्मू की अध्यक्षता में पुराना विधानसभा मैदान में संपन्न हुई । सम्मेलन का संचालन छात्र नेता अजय टोप्पो,पूरन टोप्पो एवं प्रदीप तिकीर्नें संयुक्त रूप से की।

इस सम्मेलन में रांची, रामगढ़ लोहरदगा, खूंटी,सिमडेगा, गुमला यादि के स्थानीय नीति- नियोजन नीति के समर्थक जुटे। कार्यक्रम इस महासम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लोबिन हेंब्रम, विशिष्ट अतिथि के रूप में सांसद



त्रिशंकु सिंकू, पूर्व विधायक मंगल सिंह बांग बोंगा,पूर्व सांसद डी पी जामुदा पूर्व विधायक बहादुर उरांव उपस्थित हुए। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक लोबिन हेंब्रम ने प्रमंडलीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज अंग्रेजी हुकूमत के सामने नहीं झुका तो हम लोग जनविरोधी ताकत के सामने क्यों झुकेंगे। आदिवासी आंदोलन से ही सीएनटी -एसपीटी एक्ट बना बिरसा मुंडा,सिद्धू कानहु, वीर बुधु भगत के शहीदों सीएनटी एसपीटी एक्ट कानून बना। लेकिन इस कानून का आज धज्जियां उड़ाई जा रहा है। झारखंड अलग राज्य निर्माण में आदिवासी -मूलवासी के अनेकों ने लहू बहाया आहुति दी।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री गीताश्री उरांव ने कहा कि स्थानीय नीति हमारी अधिकार की लड़ाई है और जब तक लागू नहीं होता है तब तक हम लोग संघर्ष करते रहेंगे।

पूर्व विधायक मंगल सिंह बंगा ने कहा कि स्थानीय नीति नियोजन नीति 2001 में ही बन जाना चाहिए था लेकिन अब बहुत देर हो चुका है फिर भी हम इस मांग पर लड़ते रहेंगे। संयोजक प्रेम शाही मुंडा ने कहा कि स्थानीय नियोजन नीति हम आदिवासी मूलवासी का मूल आधार है' इसके बिना ना तो यहां नौकरी और नहीं कारोबार में अधिकार मिलेगा और यह हमारे संविधानिक अधिकार है और हम किसी भी कीमत पर हम हक लेकर रहेंगे और जनता के बीच जाकर के काम करेंगे। मौके पर प्रेम शाही मुंडा निरंजना हेरेंज, लक्ष्मीनारायण मुंडा राजू महतो, कुंदरसी मुंडा,एल ऐंन उरांव, सुब्रतो मुखर्जी, अभय भूट कुंवर,सुशील बरला, विजय शंकर नायक, कुमकुम, केरकेटा, सर्जन हाददा, अर्पणा बाला,सुरेंद्र राम,शिव टहल नायक, सोमदेव करमाली, डब्ल्यू मुंडा, अजीत उराव, किस्तों कुजुर, प्रीतम लोहरा, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## कार चालक संघ सिमडेगा की हुई बैठक

# विद्या बड़ाईक बने जिलाध्यक्ष, स्थायी पार्किंग की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** स्थानीय सिमडेगा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रविवार को सिमडेगा जिला कार चालक संघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विभिन्न प्रकार की परेशानियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई ।जहां पर सर्व समिति से समिति का गठन किया गया। जिस पर सर्व समिति से जिला अध्यक्ष के रूप में विद्या बड़ाईक का चयन किया गया। जबकि सचिव सुधीर साहू ,कोषाध्यक्ष रविंद्र मिश्रा ,सह सचिव कृष्णा मेहर, उप कोषाध्यक्ष कुंज बिहारी सिंह ,उपाध्यक्ष इरमिया खेस, अख्तर करीम, भीम महतो ,संजय केसरी ,देवा रजक ,मीडिया प्रभारी राजेश बड़ाईक, विनोद बड़ाईक,प्रधान संरक्षक राजेंद्र साहू ,आजम खान ,शंकर ठाकुर, कानूनी सलाहकार पृथ्वीराज चौहान अनिल प्रसाद को बनाया गया। जिसके बाद संघ की ओर से माला पहनाकर



उनका स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि कार चालक संघ के साथ बहुत परेशानी है लेकिन प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आज कार चालक को उचित पार्किंग की व्यवस्था नहीं मिलने के कारण इधर-उधर भटकने पर विवश है और जहां पर अगर खाली जगह है तो उन जगहों पर नो पार्किंग की बोर्ड लगाकर जुमार्ना वसूलने का काम नगर परिषद की ओर से की जाती है। उन्होंने कहा कि हमारी प्रशासन से मांग है कि हमें उचित स्थान दी जाए ताकि हम अपने परिवार का गुजर-बसर कर सकें। नौजवान युवक बेरोजगारी की दंश झेलने के बावजूद किसी तरह सभी कार चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है ऐसे में उचित स्थान नहीं मिलने के कारण कई कार चालक बिना काम के ही अपने घर लौटते हैं जिससे उनके परिवार वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा बैठक में प्रदीप महतो दीपक बड़ाईक, संतोष सिंह ,गणेश महतो ,विकास साहू, जय गुप्ता ,निरंतर ,पुनीत बड़ाईक ,संजय प्रसाद ,गुड्डू खान आदि उपस्थित रहे।

## झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका संघ की हुई बैठक

**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** सिमडेगा परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में रविवार को झारखंड प्रदेश विद्यालय रसोईया संयोजिका संघ की बैठक का आयोजन हुआ बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव संध्या देवी ने की एवं मंच संचालन मंजू तिर्की तथा बैजंती देवी के द्वारा किया गया ।बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष अजीत प्रजापति उपस्थित रहे जहां पर उन्होंने बताया कि 3 मार्च से विधानसभा मैदान रांची के समक्ष लगातार धरना प्रदर्शन किया गया था इसी क्रम में सरकार के सचेतक मथुरा प्रसाद महतो एवं शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो द्वारा धरना स्थल पर आकर आश्वासन दिया था कि उनकी मांगों पर सुना जाएगा लेकिन आज तक पहल नहीं की गई ।चुनाव से पहले झारखंड सरकार रसोईया की मांग पूरा करने का वादा किया था लेकिन अभी तक हमारी मांगों को अनसुना कर दिया गया। उन्होंने बताया कि सरकार प्रत्येक दिन रसोईया को मात्र ?66 पर काम करा रही है साल का 12 महीना होता है लेकिन 10 महीना का भुगतान देती है वह भी समय पर नहीं मिलता। अभी हमारी 4 महीने की मानदेय नहीं मिली है और आर्थिक स्थिति खराब है इसके बावजूद हम काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लगातार 45 दिनों से राजभवन के समीप धरना जारी है जब तक मांग पूरा नहीं होगा तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा उन्हें बताया कि प्रमुख मांगों में स्थायीकरण न्यूनतम वेतन एवं हटाए गए सभी महिलाओं को पुनः कार्य में वापसी प्रमुख मांगे हैं। बैठक में सैकड़ों की संख्या में रसोईया संयोजिका उपस्थित रहे।

## चटनियां गांव में वज्रपात की घटना में दो व्यक्ति घायल

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के चटनियां गांव निवासी संजीत साव का पुत्र हिमांशु साव, देवनाथ साव का पुत्र धर्मेंद्र साव वर्जपात की घटना में घायल हो गया है। दोनों घायलों को इलाज सदर अस्पताल में किया जा रहा है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दोनों लोग घर से कुछ ही दूरी पर खेत में एक पेड़ के नीचे बैठा हुआ था। अचानक तेज हवा के साथ वर्जपात की घटना हुई। जिसमें दोनों लोग घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मझिआंव में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों की गंभीर अवस्था को देखते हुए। बेहतर इलाज के सदर अस्पताल भर्ती कराया गया है।

## भाजयुमो का तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण शिविर का समापन

# राष्ट्रीय विरोधाभास के खिलाफ लड़ते रहते है भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता : सांसद आदित्य साहू

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा का तीन दिवसीय प्रदेश प्रशिक्षण शिविर का समापन रविवार को किया गया । शिविर के अंतिम दिन क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू, प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख भाजपा मनोज सिंह,किसलय तिवारी भाजयुमो अध्यक्ष, प्रदेश सह प्रशिक्षण प्रमुख सुमन कुमार, युवा मोर्चा प्रभारी विनय जयसवाल, भाजयुमो राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य शशांक राज शामिल हुए। प्रशिक्षण कुल 17 सत्रों में आयोजित की गई। सत्र में भाजयुमो प्रदेश की कार्यकारणी, प्रमंडल व सभी जिला प्रभारी और जिला अध्यक्ष




ने भाग लिया।

मौके पर राज्यसभा सांसद सह प्रदेश महामंत्री आदित्य साहू ने मोदी सरकार की उपलब्धियां विषय पर संबोधित करते हुए कहा कि मोदी जी ने शुरू से गरीबों को विकास धारा से जोड़ने का लक्ष्य रखा है। आज लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार में योजनाओं का चयन आम सहमति से होती है। योजनाओं की निर्धारित राशि चाहे एक लाख या एक रूपया बगैर की भ्रष्टाचार के डीबीटी के माध्यम से लाभुक के अकाउंट में प्राप्त करते हैं। कहा कि युवा समाज का रीढ़ है। भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता लगातार राष्ट्रीय विरोधाभास के खिलाफ लड़ते रहते है और आगे भी लड़ेंगे। नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृति से ही राष्ट्र की पहचान होती है। संस्कृति की अनेदखी सदैव आपदा को निमंत्रण देती है। हमें समाज में परिवार का भाव होनी चाहिए।

सुमन कुमार ने कहा की जीवन में व्यवहारिक सोंच और कार्यशैली लक्ष्यों करता जीवन आसान। हमें दिखावे से उपर उठकर आत्मसंतुष्टि के लिए कार्य करें। शिविर के सफल आयोजन के लिए सहयोगी अजातशत्रु प्रदेश मंत्री, विश्वजीत शाहदेव भाजयुमो, पशुपतिनाथ नाथ पारस, मनिष शिखर, सजल कुमार,तुषार आरव, राम शंकर प्रजापति समेत अन्य ने भूमिका निभाई।

## आरके कोचिंग सेंटर ने धूमधाम से मनाया शिक्षक दिवस समारोह

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** कोलेबिरा प्रखंड के आर के कोचिंग सेंटर ने पुरे धूम धाम से कोलेबिरा के नगर भवन में शिक्षक दिवस का मनाया।आर.के. कोचिंग सेंटर कोलेबिरा संस्थान के द्वारा आयोजीत समारोह में मुख्य अतिथि के रुप में कोलेबिरा थाना के सब इंस्पेक्टर संतोष ठाकुर, विशिष्ट अतिथि के रुप में आर ए भी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य शिबू पति मिश्र, शिक्षक लालधन नायक, शिवलाल प्रसाद, प्रो दिलीप प्रसाद, आदि उपस्थित हुए ।सर्वप्रथम मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के द्वारा सामूहिक रूप से विद्या की देवी मां सरस्वती देवी एवं सर्वपल्ली राधाकृष्णन के तस्वीर पर माल्यार्पण कर एवं दीपप्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर संतोष ठाकुर ने कहा कि गुरु-शिष्य की परंपरा भारत की संस्कृति का एक अहम और पवित्र हिस्सा है। जिसके कई स्वर्णिम उदाहरण इतिहास में दर्ज हैं। गुरु और गोविन्द में गुरु का पैर पहले छूने का वर्णन अपनी कविता में महान कवि कबीर ने किया है। शिक्षकों को सम्मान मिलना चाहिए, जिसके वे हकदार हैं। वहीं कोचिंग संस्थान के संचालक रौशन कुमार ने कहा कि इस समारोह में उपस्थित हमारे गुरु जन मेरे माता पिता के समान अभिभावक गण इस कोचिंग सेंटर के विद्यार्थी और प्रेस से आए प्रेस बंधु सभी को मैं सत सम्मान स्वागत करता हूं। आपकी उपस्थिति आरके कोचिंग सेंटर की उपलब्धि में चार चांद लगाता है। आज आप सबों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से यह कोचिंग सेंटर लगातार प्रगति पथ पर आगे बढ़ रहा है हमारा प्रयास रहता है कि अपने मेहनत और ज्ञान के बल पर अपने कोचिंग सेंटर से ऐसे नगीने को गढ़ कर निकालें।

## न्यूज गैलरी

### विष्णुगढ़ में वन विभाग ने दो अवैध आरा मिलों को किया ध्वस्त

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के गोविन्दपुर खुर्द में वन विभाग की ओर से अवैध रूप से संचालित दो आरा मिलों को रविवार को छापेमारी की। छापेमारी टीम ने आरा मिल, आरा हाथी, ट्रॉली, प्लेटफार्म आदि को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। वहीं टीम ने मौके पर चिरान के लिए संग्रहित लकड़ियों एवं उपस्करों को ट्रैक्टर पर लादकर नवादा स्थायी पौधशाला परिसर में लाकर रखा है। बरामद लकड़ियों की कीमत दो लाख रुपये से अधिक बताई जाती है। छापेमारी हजारीबाग पूर्वी वन प्रमंडल पदाधिकारी के निर्देश पर की गई। मामले में आरामिल संचालक धनेश्वर महतो एवं जिवाधन महतो पिता स्व. बालकी महतो पर भारतीय वन अधिनियम, 1927 एवं बिहार काष्ठ चिरान (विनियमन) अधिनियम 1990 की विभिन्न धाराओं के तहत वन मुकदमा दर्ज किया गया है।

### जेईई एड्वांस-22 में वेदांत को मिला 822 वां रैंक

**हजारीबाग।** हजारीबाग के वेदांत वर्द्धन को जेईई एडवांस 22 में 822 वां रैंक हासिल हुआ। रविवार को रिजल्ट आने के बाद परिजनों में और जानने पहचानने वालों में खुशी का माहौल है। वेदांत व्यवसायी संजय गुप्ता और ललिता गुप्ता के पुत्र है। पिछली बार जेईई मेंस में वेदांत को 99.8 परसेंटाइल आया था। वेदांत ने संत जेवियर्स से 10 प्लस टू की पढ़ाई की है। वह शुरू से मेधावी रहा है। उसके पिता संजय गुप्ता कहते हैं कि वह अपने बेटे और बेटी के प्रति शुरू से ध्यान रखे रहते थे। हर दिन अपने बच्चों समय पर स्कूल खुद ही पहुंचाया करते थे। पढ़ाई के प्रति बच्चों का शुरू से लगाव रहा है। कोरोना काल के बाद दोनों बच्चे घर पर ही थे।

### केडी चिल्ड्रेन अकादमी में संस्थापक की मनी सातवीं पुण्यतिथि

**हजारीबाग।** केडी चिल्ड्रेन अकादमी/उच्च विद्यालय के संस्थापक डोमन लाल गुप्ता की सातवीं पुण्यतिथि रविवार को मनाई गई। इस अवसर पर गोपाल पांडेय की ओर से शांति पाठ एवं हवन का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्या मीनू गुप्ता ने श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि डोमन लाल गुप्ता का आशीर्वाद विद्यालय के साथ है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य महेंद्र गुप्ता एवं रविंद्र नाथ भी उपस्थित थे। विद्यालय के सहायक शिक्षक जयनाथ महतो ने उनके किए गए कार्यों का उल्लेख किया। इस अवसर पर विद्यालय के सहायक शिक्षक उपेंद्र पांडे, मुकेश कुमार, पूनम सिन्हा, सुखदेव यादव, पूनम गुप्ता, पूनम तिवारी, कमला सिंह, जूली सिन्हा आदि मौजूद थे।

### प्रथम डॉल्फिनो स्विमिंग चैंपियनशिप में हर्षित ओवरऑल विजेता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में प्रथम डॉल्फिनो स्विमिंग चैंपियनशिप रविवार को डॉल्फिन रिसॉर्ट ओकनी के स्विमिंग पुल में किया गया। इसमें डॉल्फिन रिसोर्ट तरणताल के तैराको अलावा शहर के 42 तैराकों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में की गई। जिसमें ओवरऑल चैंपियन हर्षित कुमार हुआ। उसे चेक भी दिया गया। प्रथम वर्ग गौरव कुमार राणा, द्वितीय एवं एकलव्य कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किए। साथ ही डॉल्फिन स्विमिंग एकेडमी के तन्मय चक्रवर्ती प्रथम रीतिक राणा द्वितीय विवेक राज तृतीय चैंपियन बने। मुख्य अतिथि जिला खेल पदाधिकारी उपवन बारा, विशिष्ट अतिथि विपिन बिहारी सिंह ज्वाइंट सेक्रेट्री झारखंड एवं डॉ प्रहलाद सिंह सेक्रेटरी तैराकी संघ हजारीबाग मौजूद रहे।

### नगर भवन में नटखट नंद गोपालों ने दर्शकों का खूब किया मनोरंजन

**हजारीबाग।** रविवार को नगर भवन में नटखट नंद गोपाल की अदाओं पर लोग रिझ उठे। कृष्ण रूप में धरे नन्हें बालकों का रूठना इतराना लोगों को खूब भाया। कभी बाल-लीला में दर्शक खो गए। तो कभी उनकी हरकतों पर खुद को हंसने से रोक न सके। कोई हाथ में मटकी लेकर माखन खा रहा था, तो कोई आधा गिरा दे रहा था। कोई मंच रूकने की जगह अपनी मां के पास भागा आ जा रहा था। तो कोई मौका मिलते ही कृष्ण रूप में ही शीतल पेय पीने से नहीं चुका। बच्चों को तैयार करने में प्रतिभागियों की मां बहनों ने कोई कसर नहीं छोड़ी। संस्कार भारती की हजारीबाग इकाई की ओर से रविवार को श्रीकृष्ण बाल रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता दो वर्गों में 0-3 और 3-6 वर्ष के लिए थी। जिसमें कुल 95 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण ने कहा कि हजारीबाग में इस तरह का कार्यक्रम देखने का मुझे पहली अवसर प्राप्त हुआ। अच्छे कार्यक्रम के लिए उन्होंने संस्कार भारती को धन्यवाद दिया।

### मिलन समारोह में सांसद ने सैकड़ों लोगों को दिलाई जदयू की सदस्यता

**विष्णुगढ़।** गाल्होबार उच्च विद्यालय परिसर में जदयू की ओर से मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद खीरू महतो शामिल हुए। समारोह में राजेन्द्र मंडल अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ जदयू में शामिल हुए। सांसद ने शामिल लोगों को माला पहनाकर स्वागत किया। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष देवनाथ महतो व संचालन मिथिलेश सिंह ने किया।। मौके पर अर्जुन मेहता, मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा, प्रवीण कुमार महतो, राजू रंजन सिंह, चमन स्वर्णकार, सुरेश साव, खागो महतो, राजू रजक, कुर्बान अंसारी, नीलकंठ तुरी समेत कई लोग मौजूद थे।

### फुटबॉल के फाइनल मुकाबले में बरकट्ठा की टीम ने जीती ट्राफी

**बरही।** बरही के करियातपुर में भीम आर्मी भारत एकता मिशन के तत्वावधान में आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच बरकट्ठा और चतरा के बीच खेला गया। रविवार को खेले गए फाइनल मैच में बरकट्ठा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक गोल से चतरा की टीम को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। बरकट्ठा की विजेता टीम को पुरस्कार स्वरूप ट्राफी और 18 किलो का खस्सी दिया गया। वहीं चतरा की उपविजेता टीम को ट्रॉफी और 15 किलो का खस्सी मिला। इसमें मुख्य अतिथि तिलेश्वर साहू सेना के अध्यक्ष अरुण साहू, विशिष्ट अतिथि अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष मो क्यूम, भीम आर्मी के अध्यक्ष राहुल अंबेडकर, बबलू कुमार, जितेंद्र कुमार, लक्ष्मण राव, शमशेर, सुनील कुमार, संतोष कुमार, गोपी प्रसाद, हेमंत कुमार, संजय कुमार रजवार और पूर्व मुखिया विष्णुधारी महतो आदि मौजूद थे।

# बहन ने भाई की हत्या कर शव को घर के ही एक कमरे में दफनाया

## मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में घर में दफनाये शव को निकाला गया बाहर



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड में रामगढ़ जिले के पतरातु में सोमवार को मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में एक घर में दफनाये शव को बाहर निकला गया। हत्या का आरोप मृतक की सगी बहन पर ही लगा है।

**दो महीने से लापता था युवक :** प्राप्त जानकारी के अनुसार पतरातु के पीटीपीएस रोड नंबर 33 आवास में मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सोमवार सुबह रोहित नामक युवक के शव को जमीन खोद कर निकाला गया। रोहित दो महीने से लापता था। पुलिस ने जब उसकी खोजबीन शुरू की गयी, तो शक की सुई उसकी बहन चंचला कुमारी पर ही जाकर टिक जा रही थी। पुलिस ने जब चंचला को गिरफ्तार कर कड़ाई से पूछताछ की, तो सारे मामले का खुलासा। मजिस्ट्रेट के साथ शव को बरामद करने पहुंची तो पाया की उसपर सीमेंट की परत चढ़ी है जब उसको तोड़ कर मिट्टी हटाया गया तो दो महीने से लापता रोहित का शव उसी के घर से बरामद हो गया । पूरी घटना को देखने के लिए सैकड़ो की तादात में लोग पहुंचे थे । हर किसी के जुबान पर यही सवाल था की आखिर कैसे कोई बहन अपनी भाई की हत्या कर सकता है और अगर कोई मजबूरी भी होगी तो वह क्या है लेकिन इन सब से अभी पर्दा उठना बाकी है ।

**पुलिस को गुमराह करने की कोशिश :** पुलिस की माने तो 2 महीने के चली छानबीन के दौरान काल डिटेल के अनुसार शक की सुई बार बार चंचला पर ही आकर रुकती थी। मृतक रोहित के पिता बिजली मिस्त्री है। वे रांची के चुटिया रांची में रहते है। वहीं मृतक की बहन और आरोपी चंचला कुमारी अकेले पीटीपीएस में रहती थी। पुलिस के गिरफ्तारी के बाद उसने बताया की उसका भाई नशा करता था और नशे की गोली के ओवर डोज हो जाने की वजह से उसकी मौत हो गई है, लेकिन यह बात पुलिस के गले के नीचे नही उतर रही है क्योंकि अगर ऐसा था तो इसकी जानकारी चंचला द्वारा अपने पिता और अन्य परिजनों अथवा पुलिस को देने चाहिए थी। पतरातु एसडीपीओ की माने तो इस घटना में आरोपी चंचला के साथ एक युवक भी भूमिका होने का संदेह है, उसकी संलिप्तता की जांच चल रही है।

### सार्वजनिक दशहरा व सूरज हॉल समिति की बैठक

## रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** सार्वजनिक दशहरा एवं सूरज हॉल समिति की बैठक 11 सितंबर को समिति के अध्यक्ष रौशनलाल चौधरी की अध्यक्षता में शहर के सिद्धू कान्हू जिला मैदान में आयोजित की गई। बैठक के दौरान इस बार रावण दहन कार्यक्रम को भव्य रूप देने, स्टेज और पंडाल बेहतर बनाने और आकर्षक लाइंटिंग की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। बताया कि कार्यक्रम शानदार तरीके से आयोजित किया जाएगा। रावण दहन कार्यक्रम की तैयारी को लेकर अगली बैठक आगामी 18 सितंबर को शाम 4:00 बजे आयोजित होगी। बैठक में मुख्य रूप से समिति के अध्यक्ष रौशन लाल चौधरी, सरंक्षक मनोज कुमार महतो, युगेश बेदिया, सचिव महावीर अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राजेश गोयनका, उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह छाबड़ा, सह सचिव राकेश गुप्ता, दिनेश शर्मा, दिनेश स्टील, राज कुमार, दिलीप कुमार, नितिश कुमार दांगी, टिंकु कुमार, लेखराज महतो, कुलदीप वर्मा, सुरेंद्र कुमार दांगी, अनिल कुमार साहु, आनंद कुमार, अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा, सुरेंद्र साव, धीरज कुमार, पंकज वर्णवाल, अमित कुमार आदि शामिल थे।

## पीसीसी पथ और तालाब सुंदरीकरण कार्य का उद्घाटन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नं 01 अंतर्गत तिलैया में तालाब का गहरीकरण व सुंदरीकरण एवं वार्ड नं 02 में मिश्री रजवार के घर से द्वारिका के घर तक पीसीसी पथ का उदघाटन संयुक्त रूप से नगर परिषद अध्यक्ष युगेश बेदिया व उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो द्वारा विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़ कर किया गया। मौके पर युगेश बेदिया ने कहा कि रजवार टोला के लोगों की समस्याओं को देखते हुए पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है । लोगों को पहले रोड नही रहने के कारण बहुत दिक्कत का सामना करना पड़ता था। रोड बन जाने से लोगों को याब आवागमन के कोई समस्या नही होगी। जबकि मनोज कुमार महतो ने बताया कि तिलैया का तालाब ज्यादा गहरा नही रहने के कारण बहुत जल्दी सुख जाता था। जिससे लोगों को नहाने धोने एवं अन्य कार्यों में बहुत दिक्कत होता था। तालाब का गहरीकरण होने से भीषण गर्मी में भी पानी नही सूखेगा और सुंदरीकरण होने से तालाब की सौंदर्यता बढ़ेगी। उन्होंने सभी लोगों से तालाब को स्वच्छ रखने की भी सलाह दी। मौके पर वार्ड पार्षद मंजू देवी, रामसहाय बेदिया, जयकिशोर महतो, बालेश्वर बेदिया, रामावतार भारती, रामप्रसाद बेदिया, पुष्पा देवी, राजू बेदिया, गोविंद बेदिया, सुरधन बेदिया, धर्मेंद्र बेदिया, मनीषा देवी, लालू कुमार, विश्वनाथ राम, रूबी कुमारी, रूपा कुमारी, शांति देवी, सुनील कुमार, विकास कुमार, अनिल बेदिया, बाबूलाल बेदिया सहित अन्य मौजूद थे।

## डीएवी के प्राचार्य को पटना के रीजनल ऑफिसर ने किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डीएवी पब्लिक स्कूल हजारीबाग के प्राचार्य अशोक कुमार को पटना सीबीएसई के रीजनल ऑफिसर जगदीश वर्मन ने सम्मानित किया। यह सम्मान हजारीबाग, रामगढ़, कोडरमा और चतरा जिले के सीबीएसई को-ऑर्डिनेटर के रूप में सराहनीय भूमिका के लिए रांची के दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रिंसिपल मीट में नौ सितंबर को मिला। वहां से लौटने के बाद अशोक कुमार ने कहा कि हजारीबाग और अन्य पड़ोसी जिलों के लिए शहर समन्वयक के रूप में सफल समापन और संचालन में उत्कृष्ट नेतृत्व दिखाने के लिए सम्मानित होना खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षा के निष्पक्ष और समय पर संचालन की सफलता का श्रेय उन सभी प्राचार्यों को जाता है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगदीश बर्मन, रीजनल ऑफिसर सीबीएसई, पटना क्षेत्र होंगे। इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन जेके कपूर, जेपी शूर, निदेशक, मनोज मिश्रा प्रबंधक, डॉ उर्मिला सिंह एआरओ, दिनेश खंडेलवाल वाइसचेयरमैन आदि ने बधाई दी है।

## जैन समाज के लोगों ने मनाया क्षमावाणी महापर्व



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** जैन धर्म के लोगों ने रविवार को क्षमावाणी महापर्व गुरुदेव विशल्य सागर जी के सानिध्य में जैन मंदिर में मनाया।आज के ही दिन पूरे भारतवर्ष में जैन संप्रदाय के लोग पर्युषण के अंतिम दिन क्षमावाणी का पर्व मनाते हैं और एक दूसरे से गले लग कर अपने द्वारा की गई गलतियों की माफी मांगते हैं। पानी टंकी रोड जैन मंदिर में पूरे जैन समाज के महिला पुरुष बच्चे एकत्रित हुए और बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह पूर्वक यह पर्व मनाया समाज के अध्यक्ष प्रदीप पांड्या, मंत्री ललित सेठी समाज के पदाधिकारी, कोषाध्यक्ष चतुर्मास समिति के संयोजक सुरेंद्र काला ने सभी भक्तजनों और समाज के लोगों को क्षमावाणी पर्व की शुभकामनाएं दी और हाथ जोड़कर गुरुदेव के सामने पूरे समाज से क्षमा याचना की। राजकीय अतिथि सम्मान प्राप्त जैन संत गुरुदेव विशल्य सागर ने इस महान अवसर पर अपनी अमृतवाणी में भक्तजनों को कहा कि क्षमा वीरो का आभूषण है, क्षमा वीरों की शोभा है। मजबूत लोग ही क्षमा प्रदान करते हैं आज पूरे विश्व को क्षमा धर्म अपनाने की आवश्यकता है। क्षमा धर्म के पालन से पूरे विश्व में शांति कायम की जा सकती है, मनुष्य गलतियों का पुतला है। गलती होना स्वाभाविक है। अलका दीदी ने भी क्षमा वाणी पर्व पर अपने विचारों को रखा। समाज के उपाध्यक्ष कमल सेठी उप मंत्री नरेंद्र झाझंरी, सह मंत्री राज छाबड़ा, महिला समाज, जैन युवक समिति, चतुर्मास कमेटी के सभी सह संयोजक, समाज के अग्रणी पूर्व अध्यक्ष सुशील छाबड़ा, सुरेश झाझंरी, जयकुमार गंगवाल, किशोर जैन पांड्या दिल्ली, प्रदीप छाबड़ा, मनीष सेठी, दिलीप बाकलीवाल, हनुमान पाटनी सभी लोगों ने समाज के बीच क्षमा का भाव प्रदर्शित किया।

### एकल विद्यालय के तत्वावधान में खेल प्रतियोगिता का आयोजन

## 50 मी. की दौड़ में खुशबू ने प्रथम स्थान हासिल की

**नवीन मेल संवाददाता**

**कोडरमा।** एकल विद्यालय अंचल कोडरमा के द्वारा अभ्युदय यूथ क्लब के तहत खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके तहत कोडरमा अंचल के अंतर्गत अलग-अलग विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद और कबड्डी का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों बच्चों ने भाग लिया। जिसमें से 50 मीटर की दौड़ में साजन कुमार प्रथम स्थान एवं आदित्य कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर दौड़ बहन में से प्रथम स्थान खुशबू कुमारी एवं द्वितीय स्थान पीहू कुमारी ने प्राप्त किया। 100 मीटर दौड़ में भैया में से सुधांशु कुमार प्रथम स्थान एवं रितेश कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ भैया में से नीरज कुमार प्रथम स्थान एवं अनिकेत कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बहन में से नेहा कुमारी प्रथम स्थान एवं सुमन कुमारी द्वितीय स्थान प्राप्त की। 400 मीटर भैया मैं से रवि कुमार प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान संजीत कुमार प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में सोनी कुमारी प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान लक्ष्मी कुमारी प्राप्त की 10 से 14 वर्ष की उम्र के प्रतिभागियों में 100 मीटर दौड़ भैया में से सोनू कुमार प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान अनंत कुमार प्राप्त किए 100 मीटर दौड़ बहन में से रिमझिम कुमारी प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान चांदनी कुमारी प्राप्त की 200 मीटर दौड़ में से भैया प्रह्लाद कुमार प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान कुमार आदित्य ने प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ बहन में से प्रथम स्थान अर्चना कुमारी एवं द्वितीय स्थान संजू कुमारी प्राप्त की। 400 मीटर दौड़ में से प्रवीण कुमार प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान आशीष वर्मा प्राप्त किया। 600 मीटर दौड़ में से भैया रोहित कुमार प्रथम स्थान एवं आदित्य कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त किए। 600 मीटर दौड़ में से बहन सरिता कुमारी प्रथम स्थान प्राप्त की। लंबी कूद में प्रथम स्थान साधना कुमारी द्वितीय स्थान पूजा कुमारी प्राप्त की। लंबी कूद में नीरज कुमार प्रथम स्थान एवं सचिन कुमार द्वितीय स्थान प्राप्त किए । 10 से 14 वर्ष की उम्र में लंबी कूद बहन में से प्रथम स्थान प्रियांशु कुमारी एवं द्वितीय स्थान अभिसारिका कुमारी प्राप्त की एवं वही भैया में से अभिषेक कुमार प्रथम स्थान एवं द्वितीय स्थान राहुल कुमार प्राप्त किए । कबड्डी में से भैया में से विजय हुए पुरणनगर विद्यालय ग्राम एवं बहन में से भी विजई हुए पुरनानगर विद्यालय ग्राम। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अंचल अभियान प्रमुख विनोद कुमार, जिप सदस्य महेंद्र प्रसाद यादव, बजरंग दल विभाग संयोजक प्रवीण चंद्रा, संपर्क प्रमुख अधिवक्ता चंदन पांडे, बजरंग दल नगर संयोजक आदित्य पांडे, उमा कुमारी, कोमल कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित रही।

### विभावि परिसर में संग्रहालय बनाया जायेगा : कुलपति

**हजारीबाग।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय परिसर में एक संग्रहालय बनाया जाएगा। इसमें महापुरुषों की जीवनी से संबंधित दस्तावेज रखे जाएंगे। यह शोधार्थियों के लिए लाभप्रद सिद्ध होगा। उक्त बातें विभावि के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव ने कही। वे रविवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के गांधी विनोबा जयप्रकाश चिंतन केंद्र में आयोजित संत विनोबा भावे की 127 वीं जयंती समारोह में कही। कुलपति ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि भूदान यज्ञ के प्रणेता संत विनोबा भावे ने जय जगत का नारा देकर पूरे विश्व को एक परिवार और एक कुटुंब की परिकल्पना को साकार करने का आह्वान किया था। कार्यक्रम का संचालन चिंतन केंद्र के संयोजक डॉ प्रमोद कुमार ने किया। उन्होंने केंद्र की गतिविधियों से कुलपति को अवगत कराया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रतिमा स्थल पर संत को पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद चिंतन केंद्र में दीप जलाकर किया गया।

### दलित शोषण मुक्ति मंच ने दलित अधिकार कन्वेंशन का किया आयोजन

## संविधान को खत्म कर देश में मनुस्मृति को लागू करने की हो रही है साजिश : शिवबालक पासवान




**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरीतिलैया।** दलितों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ दलित शोषण मुक्ति मंच (डीएसएमएम) के बैनर तले द्वितीय दलित अधिकार कन्वेंशन रविवार को इन्द्र कुमार मेघवाल मंच साहू धर्मशाला में आयोजित किया गया। संचालन दिनेश रविदास, प्रेम प्रकाश व मुकेश कुमार की तीन सदस्यीय अध्यक्षमण्डल ने किया। सर्वप्रथम दलित अत्याचार में मारे गए इन्द्र मेघवाल सहित अन्य लोगों, देश भर में सामाजिक आंदोलन से जुड़े लोगों जिनका निधन हुआ, के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। कन्वेंशन का विधिवत उदघाटन करते हुए दलित शोषण मुक्ति मंच के राज्य संयोजक शिवबालक पासवान ने कहा कि देश आरएसएस द्वारा संचालित हो रहा है। आज बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर जिन्होंने ब्राह्मणवाद से लड़कर भारत का संविधान बनाया था, जिसे खत्म कर देश में मनुवादी संविधान अर्थात मनुस्मृति को लागू करने की साजिश की जा रही है। जिससे पुनः वर्ण व्यवस्था कायम होगी और दलित पिछड़ों का अधिकार छीन जाएगा। पानी के लिए दलित बच्चे की हत्या की जाती है, दलित दुल्हा को घोड़ी पर चढ़ने के जुर्म में मार दिया जाता है, दलितों को जमीन से बेदखल किया जा रहा है। इन दिनों दलित बालिकाओं, महिलाओं पर अत्याचार बढ़ा है। अपराधियों को कठोर दण्ड नहीं दिया जा रहा है, जिसके कारण इन अपराधियों का मन बढ़ रहा है। इसलिए मनुवाद के खिलाफ सिर्फ दलित नहीं बल्कि पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और प्रगतिशील लोगों को एकजुट कर अधिकार की लड़ाई तेज करना होगा। वामपंथी नेता असीम सरकार ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार निजीकरण के माध्यम से दलित पिछड़ों की सरकारी नौकरी पर सबसे बड़ा हमला कर रही है। आरक्षण का अधिकार समाप्त किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य का अधिकार छीना जा रहा है। नफरत की राजनीति में दलितों को हिंदू कहकर इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन जब उस पर हमला होता है, तब दलित को हिंदू नहीं मानते हैं। इसलिए अपने अधिकार की रक्षा के लिए केन्द्र की नीतियों के खिलाफ एकजुट होना होगा। जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास ने पिछले कामों की समीक्षा रिपोर्ट पेश किया, जिस पर प्रतिनिधियों ने महत्त्वपूर्ण सुझाव दिया और रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। कन्वेंशन के अंत में सर्वसम्मति से अगले तीन साल के लिए 21 सदस्यीय नई जिला कमिटी का गठन किया गया। जिसमें दिनेश रविदास जिलाध्यक्ष, प्रेम प्रकाश पासवान, मुकेश कुमार रजक व लालजीत पासवान, महेन्द्र तुरी उपाध्यक्ष, शंभु पासवान ज़िला सचिव, संजय दास, संतोष पासवान व दिलीप पासवान संयुक्त सचिव, राहुल कुमार कोषाध्यक्ष व शंभु भुइयां सह कोषाध्यक्ष तथा उपेन्द्र पासवान मीडिया प्रभारी चुने गए। राजेश पासवान, निर्मल दास, मुंशी राम, राजेन्द्र पासवान, प्रेम कुमार पासवान, नागेश्वर दास, सुभाष दास, राम प्रकाश पासवान आदि जिला कमिटी के सदस्य चुने गए। समापन भाषण करते हुए सीटू नेता संजय पासवान ने अपने हक और अधिकार के लिए दलित एकता को मजबूत करने का आह्वान किया।

## सांसद फुटबॉल खेल महोत्सव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सतगावां।** प्रखंड बरियारडीह स्थित हटिया मैदान में रविवार को सांसद फुटबॉल खेल महोत्सव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक की गई। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष जयशंकर सिंह ने किया। इस बैठक में सांसद अन्नपूर्णा देवी के द्वारा आयोजित फुटबॉल मैच के आयोजन पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। प्रखण्ड के खिलाड़ियों और टीम से अपील किया गया की जो भी टीमें भाग लेना चाहती है इसमे भाग लेकर अपना प्रदर्शन दिखा सकते हैं जिसका उद्घाटन सांसद सह राज्य शिक्षा मंत्री श्रीमती अन्नपूर्णा देवी के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। इस महोत्सव की शुरूआत 17 सितम्बर को की जाएगी जिसका सारा मैच ब्लॉक मैदान में खेला जाएगा। इस महोत्सव में सबसे अच्छे टीम और खिलाड़ियों को जिला से लेकर राज्य तक जाने का एक अवसर प्राप्त होगा।इसके अलावे संगठन पर विस्तार से चर्चा की गई एवं बूथ कमिटी को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई। मौके पर सांसद प्रतिनिधि बिनोद यादव, मनोज चौधरी, नरेश यादव, सरवन यादव, प्रदीप यादव, विकास चौधरी, मनोज यादव, मोनू कुमार आदि मौजूद थे।

## न्यूज गैलरी

### सड़क हादसों में मैनपुरी के युवक सहित दो की मौत

**फिरोजाबाद (एजेंसी)।** जनपद में रविवार को अलग-अलग थाना क्षेत्रों के अन्तर्गत हुए सड़क हादसों में मैनपुरी के युवक सहित दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाई है। जनपद मैनपुरी के थाना कुरावली क्षेत्र के गांव सूपा निवासी श्रीदयाल (28) पुत्र मुकुट सिंह अपने ताऊ कायम सिंह (60) पुत्र गुच्छी लाल को बाइक पर बैठाकर सिरसागंज स्थित किसी कार्य से आ रहा था। बताया जाता है कि तभी सिरसागंज क्षेत्र के गुंजन चौक के समीप उसकी बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में श्रीदयाल की मौत हो गई। जबकि कायम सिंह घायल हो गए। दुर्घटना देख लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक के शव को पोस्टमार्टम गृह में रखवाने के साथ ही घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। वही दूसरी घटना में थाना टूण्डला क्षेत्र के गांव दिनोली निवासी धर्मेन्द्र (28) पुत्र रनवीर सिंह समर सेविल सही करने का काम करता है। बताया जाता है कि वह रविवार को कार्य करने पैदल जा रहा था तभी उसायनी के समीप सड़क पार करते समय उसे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सूचना परिजनों को दी। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाई है।

### दो मेदिनीपुर जिले के दौरे पर जाएंगी मुख्यमंत्री ममता

**कोलकाता (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी दो मेदिनीपुर जिले के चार दिवसीय दौरे पर जा रही हैं। हालांकि उनके दौरे का कार्यक्रम मंगलवार से शुरू होगा लेकिन नवान्न सूत्रों के अनुसार वह सोमवार को ही मेदिनीपुर के लिए रवाना होंगी। उल्लेखनीय है कि भाजपा का नवान्न अभियान का कार्यक्रम मंगलवार को ही है। नवान्न सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री की इस बार पश्चिम मेदिनीपुर के खड़गपुर शिल्पा तालुक में बैठक होनी है। पूर्व मेदिनीपुर जिला परिषद के अध्यक्ष देवव्रत दास का निधन हो गया है। उनके स्थान पर उपाध्यक्ष शेख सूफियान अस्थायी रूप से कार्यभार संभाल रहे हैं। तृणमूल सुप्रीमो के सामने खड़गपुर शिल्पा तालुक की बैठक में नए जिला परिषद अध्यक्ष का चुनाव हो सकता है। इसलिए पूर्व मेदिनीपुर जिला परिषद के सदस्यों को इस बैठक में शामिल होने के लिए कहा गया है। माना जा रहा है कि इस बैठक से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पूर्वी मेदिनीपुर तृणमूल नेतृत्व को कई अहम संदेश दे सकती हैं।

### नगर पंचायत चुनाव को लेकर 8 लोगों ने कटवाया एनआर

**पालीगंज (एजेंसी)।** नगर पंचायत चुनाव को लेकर चल रहे नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन शनिवार को कुल 8 लोगों ने एनआर कटवाया। जानकारी के अनुसार पालीगंज नगर चुनाव की घोषणा हो चुकी है। वही इस नगर पंचायत में कुल 20 वार्डो व एक अध्यक्ष व एक उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव कराई जाएगी। जिसको लेकर 10 अक्टूबर को मतदान कराई जायेगी। वही चुनाव को लेकर शनिवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। यह नामांकन 19 सितंबर तक होगी। जबकि नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन शनिवार को 8 लोगो ने एनआर कटवाया। वही इस सम्बंध में पालीगंज एसडीओ मुकेश कुमार ने बताया कि आठ लोगो ने एनआर कटवाया है। जबकि आज पहले दिन किसी ने भी नामांकन नही कराया है।

### सारण में ट्रेन से एक व्यक्ति का शव बरामद

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा जंक्शन पर रविवार को ट्रेन से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। छपरा जंक्शन राजकीय रेलवे थाना पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि सीतामढ़ी जिले के शादीपुर बलीपुर गांव निवासी उमेश साह (50) वैशाली एक्सप्रेस ट्रेन से अपने घर वापस लौट रहा था, जिसकी मौत सफर के दौरान हो गई है। सूत्रों ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गयी है।

### सरयू नदी में युवक के डूबने से हुई मौत

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के रिविलगंज थाना क्षेत्र में रविवार को सरयू नदी में डूबकर एक युवक की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि भगवान बाजार थाना क्षेत्र के अजायबगंज मुहल्ला निवासी उदित चौधरी (23) अपने दोस्तों के साथ सरयू नदी में नहाने के लिए गया हुआ था। नहाने के दौरान उदित की डूबकर मौत हो गयी। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाला। पोस्टमॉर्टम कराये जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

### सारण में सांप के डसने से महिला की मौत

**छपरा (एजेंसी)।** बिहार में सारण जिले के परसा थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह सांप के डसने से एक महिला की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि परसौना गांव निवासी सुनील राय की 26 वर्षीय पत्नी चनिया देवी अपने घर के समीप कुछ काम कर रही थी। इसी दौरान किसी विषैले सांप ने उन्हें डंस लिया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन इलाज के लिए उसे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराये जाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

### भागलपुर में कैदी की इलाज के दौरान मौत

**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार में भागलपुर जिले के नवगछिया स्थित अनुमंडलीय उप कारा के एक कैदी की इलाज के दौरान मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि अनुमंडलीय उप कारा में एक हत्या के मामले में सजा काट रहे संतोष कुमार (24) की तबीयत शनिवार की देर रात को अचानक खराब होने पर उपकारा के चिकित्सक ने प्रारंभिक इलाज करने के बाद उसे भागलपुर के जवाहरलाल नेहरु मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया। सूत्रों ने बताया कि अस्पताल में इलाज के दौरान कैदी की मौत हो गई। मृतक कैदी जिले के बिहपुर क्षेत्र के सोनवर्षा गांव का रहने वाला था। इस बीच मृत कैदी के परिजनों ने इसके लिए उपकारा प्रशासन को दोषी ठहराते हुए इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग राज्य सरकार से की है।

### लखनऊ के लेवाना होटल अग्निकांड में अधिकारियों पर गिरी गाज

# रिटायर्ड अधिकारियों के विरुद्ध भी होगी कार्रवाई : योगी



**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनई के लेवाना होटल अग्निकांड पर योगी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। 19 अफसरों को निलंबित किया गया है। इनमें सीएफओ, तत्कालीन आबकारी अधिकारी, तत्कालीन वित्त अधिकारी भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अग्निकांड में प्रथम द्दष्टया अनियमितता एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री ने यह निर्देश पुलिस कमिश्नर लखनऊ और मंडलायुक्त लखनऊ की जांच आख्या प्राप्त होने के उपरांत दिए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि निलंबित किए गए गृह विभाग, ऊर्जा विभाग, नियुक्ति विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग (लखनऊ विकास प्राधिकरण) तथा आबकारी विभाग के अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी होगी। सेवानिवृत्त अधिकारियों पर भी दंडतात्मक कार्रवाई होगी। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि गृह विभाग के अन्तर्गत तत्कालीन अग्निशमन अधिकारी सुशील यादव, योगेन्द्र प्रसाद अग्निशमन अधिकारी-द्वितीय, विजय कुमार सिंह मुख्य अग्निशमन अधिकारी, ऊर्जा विभाग के सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा विजय कुमार राव, आशीष कुमार मिश्रा अवर अभियन्ता, राजेश कुमार मिश्रा उपखंड अधिकारी, नियुक्ति विभाग के तहत महेन्द्र कुमार मिश्रा पीसीएस (तत्कालीन विहित प्राधिकारी) लखनऊ विकास प्राधिकरण को निलम्बित कर दिया गया है। इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई भी होगी। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग (लखनऊ विकास प्राधिकरण) के राकेश मोहन तत्कालीन सहायक अभियन्ता, जितेन्द्र नाथ दुबे तत्कालीन अवर अभियन्ता, रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव तत्कालीन अवर अभियन्ता, जयवीर सिंह तत्कालीन अवर अभियन्ता तथा राम प्रताप मेट लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं आबकारी विभाग के सन्तोष कुमार तिवारी तत्कालीन जिला आबकारी अधिकारी लखनऊ, अमित कुमार श्रीवास्तव तत्कालीन आबकारी निरीक्षक सेक्टर-1 लखनऊ तथा जैनेन्द्र उपाध्याय उप आबकारी आयुक्त लखनऊ मंडल को निलम्बित किया गया है। इनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि गृह विभाग के अन्तर्गत अभयभान पाण्डेय मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सेवानिवृत्त) तथा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग (लखनऊ विकास प्राधिकरण) के अरुण कुमार सिंह तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता (सेवानिवृत्त), ओम प्रकाश मिश्रा तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता (सेवानिवृत्त), गणेशी दत्त सिंह तत्कालीन अवर अभियन्ता (सेवानिवृत्त) के विरुद्ध सम्बन्धित विभागों के प्रचलित नियमों के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## ओडिशा एसटीएफ ने 16 लाख रुपये के नकली नोट किये जब्त



**भुवनेश्वर (एजेंसी)।** ओडिशा के राउरकेला में विशेष कार्य बल (एसटीएफ) के अधिकारियों ने एक अंतरराज्यीय अपराधी को गिरफ्तार किया है और उसके पास से करीब 16 लाख रुपए के नकली नोट, एक लैपटॉप और एक रंगीन प्रिंटर जब्त किया है। एसटीएफ सुत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सूचना के आधार पर एसटीएफ ने राउरकेला जिला पुलिस की सहायता से शनिवार को आरोपी एसके अहमद को गिरफ्तार किया। वह दिल्ली के बदरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोल्लरबांध का निवासी है। वर्तमान में वह राउरकेला में रह रहा था।तलाशी के दौरान, उसके पास से 16.11 लाख रुपये के नकली नोट, एक लैपटॉप और एक रंगीन प्रिंटर और अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद और जब्त किए गए। आरोपी के खिलाफ राउरकेला के सेक्टर 15 पुलिस थाना में शनिवार को भारतीय दंड संहिता की धारा 489-ए/489-बी/489-सी/489-डी/120 (बी) के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच चल रही है। इससे पहले जुलाई 2022 में एसटीएफ ने 29 लाख रुपए के नकली नोट जब्त किया था और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था।

## सांसद अतुल राय की 58 लाख की सम्पत्ति कुर्क



**गाजीपुर (एजेंसी)।** माफिया डान मुख्तार अंसारी के करीबी मऊ में घोसी क्षेत्र के बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सांसद अतुल राय की करीब 58 लाख रुपये कीमत की सात बेनामी संपत्तियां पुलिस ने रविवार को कुर्क कर ली हैं। सांसद अतुल राय की 1.48 हेक्टेयर की सात बेनामी संपत्तियों को वाराणसी और गाजीपुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कुर्क कर किया गया। कुर्की की कार्यवाही पुलिस आयुक्त कमिशनरेट वाराणसी के आदेश पर की गयी है। गौरतलब है कि अतुल राय इस समय प्रयागराज की नैनी जेल में बंद हैं और उनके ऊपर वाराणसी के भेलूपुर थाने में गैंगेस्टर एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है। आज यह कुर्की की कार्यवाही गैंगेस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत की गयी है। अतुल राय के पैतृक गांव गाजीपुर के बीरपुर थाना क्षेत्र भांवरकोल में ये कार्रवाई की गयी है। वाराणसी की भेलूपुर और लंका पुलिस, सीओ सिटी गाजीपुर और तहसीलदार मुहम्मदाबाद के नेतृत्व में सभी सात जमीनों को कुर्क कर लिया गया। कुर्की की कार्यवाही की तहसीलदार मुहम्मदाबाद विजय प्रताप सिंह ने पुष्टि करते हुए बताया कि सरकार द्वारा अवैध ढंग से अर्जित की गयी बेनामी संपत्तियों की कुर्की की जा रही है, जिसके क्रम में आज अतुल राय की सात बेनामी जमीनों को कुर्क किया गया है जिनकी कुल कीमत 58 लाख 13 हजार 800 रुपया है। पुलिस ने बताया कि यह कार्यवाही अतुल राय पर गैंगेस्टर एक्ट के तहत किया गया है। जिसमें अपराध के द्वारा अर्जित संपत्ति को आज कुर्क किया गया है। पुलिस ने बताया कि मुहम्मदाबाद तहसीलदार को कुर्क की संपत्ति को सुपुर्द किया गया है। अतुल राय बाहुबली मुख्तार अंसारी के काफी नजदीकी बताए जाते रहे हैं जो बसपा पार्टी से घोसी लोकसभा क्षेत्र 2019 में सांसद चुने गए। हालांकि चुनाव के दौरान ही उन पर एक युवती ने दुराचार का आरोप लगाया। इस मामले में वह अभी तक जेल में बंद हैं।

# योगी ने बागपत में चिकित्सा सुविधाओं का लिया जायजा




**बागपत (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बागपत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और मरीजों से बातचीत की। श्री योगी ने इमरजेंसी वार्ड का भी निरीक्षण किया और केंद्र में स्थापित किए गए हेल्थ एटीएम का लोकार्पण किया। एटीएम से व्यक्ति एक बार में ही अपनी बायोमेट्रिक हाजिरी लगाकर 52 प्रकार की जांच प्राप्त कर सकता है। तत्काल बॉडी स्क्रीनिंग के लिए 16 पैरामीटर की जांच हो सकेगी। लाइफस्टाइल से जुड़ी जांच जैसे ग्लूकोज, हीमोग्लोबिन, लिपिड प्रोफाइल आदि को भी जांच की जा सकेगी। कई तरह की रैपिड टेस्ट, यूरीन टेस्ट, गर्भावस्था, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड, एचआईवी के साथ ही 12 लीड ईसीजी, डिजिटल स्टैथोस्कोप, ऑटोस्कोप जैसे टेस्ट किए जाएंगे। कुल मिलाकर मशीन द्वारा 52 तरह की जांच की जाएगी। मुख्यमंत्री ने मल्टी स्पोर्ट्स स्टेडियम मवीकला का निरीक्षण किया। उन्होंने बागपत खेल विकास अभियान के अंतर्गत कराए गए कार्य को देखा जिसमे क्रीडा स्थल में मुख्य रूप से खेल सुविधाओं की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है। जिलाधिकारी राजकमल ने बताया कि मुख्यमंत्री के ग्रामीण इलाकों में खेल विकास की परिकल्पना को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से जनपद में बागपत खेल विकास अभियान की शुरूआत 25 जून 2021 को की गई थी। बागपत खेल विकास अभियान के अन्तर्गत जनपद के सभी 244 ग्राम पंचायतों में से 211 ग्राम पंचायतों में खेल मैदानों का निर्माण कराया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने बागपत खेल विकास अभियान के अंतर्गत बने खेल मैदानों का पीपीटी के माध्यम से लघु फिल्म भी देखी।

### योगी ने दी भागवत को जन्मदिन की शुभकामनायें

**लखनऊ (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत को जन्मदिन की शुभकामनायें दी हैं। योगी ने सोशल मीडिया पर अपने बधाई संदेश में कहा, अखंड भारत का ध्येय लिए, भारत के सांस्कृतिक व सामाजिक मूल्यों के संवर्धन हेतु सेवारत विश्व के सबसे बड़े संगठन आरएसएस के माननीय सरसंघचालक आदरणीय श्री मोहन भागवत जी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। प्रभु श्री राम से आपके स्वस्थ व सुदीर्घ जीवन की कामना है। राज्य के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी डा भागवत को आज उनके जन्मदिन की बधाई दी है। मौर्य ने ट्वीट कर कहा, माँ भारती के अनन्य उपासक, समतामूलक समाज की स्थापना के लिए सदैव समर्पित, विश्व के वृहतम सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठन आरएसएस के आदरणीय सरसंघचालक, हम सभी के मार्गदर्शक व प्रेरणास्त्रोत परम पूज्य डॉ. मोहन भागवत जी आपको जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने भी सोशल मीडिया के माध्यम से अपने बधाई संदेश में कहा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक एवं हम सभी के आदरणीय श्रद्धेय मोहन भागवत जी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आप स्वस्थ रहें, दीघार्यु हों, ईश्वर से ऐसी हमारी कामना है।

## कार ने बाइक सवार फौजी को मारी टक्कर, हुई मौत

**मेहंदिया (एजेंसी)।** अरवल के मेहंदिया थाना क्षेत्र के बोध बिगहा गांव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 139 पर कार ने मोटरसाइकिल सवार रिटायर फौजी को टक्कर मार दी। इससे फौजी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान औरंगाबाद जिले के दाउदनगर थाना क्षेत्र के रघुवंशी बिगहा गांव निवासी 52 वर्षीय कामेश्वर सिंह के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि वर्तमान में बिक्रमगंज में भारतीय रेलवे कार्यालय में तैनात थे। वर्ष 2008 में भारतीय सेना से सेवानिवृत्त होने के बाद घर पर खेती गृहस्ती का कार्य करते थे इसके बाद वर्ष 2013 में रोहतास जिले के बिक्रमगंज में भारतीय रेलवे में योगदान दिया तब से अब तक भारतीय रेलवे में कार्यरत थे। रविवार की छुट्टी को लेकर शनिवार की शाम अपने घर रघुवंशी बिगहा पहुंचे और श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने रिश्तेदार के घर अरवल जिले के मेहंदिया थाना क्षेत्र के प्रसाद बिगहा जा रहे थे। तभी मेहंदिया थाना से महज 500 मीटर की दूरी पर कार ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में चित्कार मच गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन सदर अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टरों के द्वारा पोस्टमार्टम कर शव को परिजनों को सौंप दी गई।

### बीजेपी विधायक हरीभूषण ठाकुर बचौल, बोले-

## अगर किसी के माई के लाल में दम हो तो कार्यक्रम को रोक कर दिखाये

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में भाजपा लगातार सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोल रही है। बीजेपी विधायक हरीभूषण ठाकुर बचौल ने सीएम नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए कहा कि अपनी कुर्सी बचाने की लालच में नीतीश कुमार कुछ भी करने को तैयार हैं। अब उनके अंदर कोई निति और सिद्धांत नहीं बचा है। नीतीश कुमार से पूछिए कि आखिर किशनगंज, अररिया और अन्य सीमावर्ती जिलों में प्रजनन दर सबसे ज्यादा क्यों है। मेरे बारे में कहा जाता है कि मैं हिंदू-मुस्लिम करता हूं। मैं तो चाहता हूं कि आयोग बैठाया जाए। जहां 60 परसेंट 70 परसेंट मुस्लिम की आबादी हो गई है, वहां के हिंदू कैसे रहते हैं। चाहे पिछड़ा हो, अति पिछड़ा हो, दलित हो या महादलित हैं, उन्हें जीने का अधिकार नहीं है। नीतीश कुमार के बोलने का कोई मतलब नहीं है। आज कुछ बोलते हैं और कल कुछ बोलते हैं। वे एक कंफ्यूज और हारे हुए नेता है। जैसे ही पीएफआई पर छापा पड़ा, 10 दिन के अंदर ही उन्होंने सरकार बदल दी। वही हरीभूषण ठाकुर ने कहा कि वह तुष्टिकरण की राजनीति करते हैं। आगे बचौल ने कहा की नीतीश कुमार केवल कुर्सी बचाने के लिए अलग-अलग तरकीब अपना रहे हैं। वे केवल जाति के नाम पर वोट इकठ्ठा करने का काम करते हैं, लेकिन 2024 में जनता उन्हें मुहतोड़ जवाब जरूर देगी। बिहार में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आ रहे हैं, इसीलिए कुछ नेताओं के पेट में दर्द हो रहा है। किसी भी माय के लाल में दम नहीं है कि वे अमित शाह के कार्यक्रम को रोक दे।

# बिहार पुलिस में चयनित 122 प्रतिभागियों को एकेडमी ने किया सम्मानित



**नवादा (एजेंसी)।** नवादा बाबा फिजिकल ट्रेनिंग सेंटर हरिशचंद्र स्टेडियम नवादा की ओर से बिहार पुलिस के सफल प्रतिभागियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। बिहार पुलिस में सफल होने वाले 67 लड़कियां वा 56 लड़के कार्यक्रम में शामिल हुए ट्रेनिंग सेंटर के संचालक जीतू कुमार एवं कोच अनिल कुमार ने बताया कि जिला मुख्यालय स्थित हरिशचंद्र स्टेडियम में संस्थान की ओर से बेरोजगार युवाओं को सिपाही में भर्ती के लिए ढाई साल से लगातार ट्रेनिंग दी जा रही है इस वर्ष 156 युवाओं को ट्रेनिंग दिया जा रहा था। जिसमें कुल मिलाकर 122 लड़के-लड़कियों का चयन किया गया है। चयन किए गए सभी प्रतिभागी 15 सितंबर से 15 अक्टूबर के बीच विभाग मे योगदान देंगे।

सम्मान समारोह में बिहार पुलिस के चयनित रामप्रवेश कुमार, विक्की कुमार, सौरव कुमार, गौरव कुमार, अंकिता कुमारी, पूजा कुमारी, अजीत कुमार, प्रिंस राज सिंह, सुजीत कुमार चौधरी समेत अन्य लोग शामिल हुए। एकेडमी के संचालक ने बताया कि युवा युवाओं को बेरोजगारी दूर करने को देश से पुलिस की ट्रेनिंग दिलाई जाती है। जिसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम निश्चित तौर पर आत्मनिर्भर भारत के सपनों को साकार करना चाहते हैं।

# बस्तर में बारिश से जनजीवन प्रभावित, नदी नाले उफान पर



**जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में पिछले दो दिनों से लगातार वर्षा से जनजीवन अस्त व्यस्त है। इद्रावती, शबरी, संकनी-डंकनी सहित छोटे नदी-नाले उफान पर हैं, जिसके चलते कई इलाकों में आवागमन बंद है। केन्द्रीय सुरक्षा बल का कैम्प भी बाढ़ के चपेट में आ गया है, हालांकि किसी प्रकार की नुकसान की खबर नहीं है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार बीजापुर जिला का संपर्क संभाग से टूट चुका है। वहीं कई गांव का संपर्क बीजापुर जिले से टूट चुका है। बीजापुर भोपालपटनम नेशनल हाईवे 63 मार्ग पर मोदकपाल के चिंतावागू नदी में बाढ़ आने से मार्ग अवरूद्ध हो गया है। बीजापुर से जाने वाले वाहन मोदकपाल में खड़ी है। इसी तरह बीजापुर से गंगालूर मार्ग भी अवरूद्ध हो गया है। पोंजेर, चेरपाल नदी में भारी बारिश से नदी उफान पर है। पोंजेर स्थित 85 सीआरपीएफ केन्द्रीय सुरक्षा बल कैंप में पानी भर गया है, कैंप के दो मोर्चे डूब गए हैं, हालांकि जवान सुरक्षित हैं।

चेरपाल नदी में बाढ़ से नदी के बस्ती डूबने की स्थिति में हैं। कल रात से भारी बारिश से चेरपाल के 50-60 मवेशियों के बहने की सूचना मिली है। ग्राम रेड्डी में 5-6 मोटर साइकिल के नदी में बहने की बात भी सामने आई है, लेकिन इस की आधिकारिक पुष्टि नहीं मिली है। ग्राम कोटेर की बढ़ी नदी में बाढ़ से गांव टापू बन गया है। बीजापुर से तर्रेम राज्य मार्ग में बासागुड़ा के तालपेरू नदी में बाढ़ से आवागमन अवरूद्ध है। बीजापुर के कोकडापारा नाले में पानी ज्यादा होने से घर में पानी घुस गया। दो मकान के 5 लोगों को घर से सुरक्षित निकाला गया।

नगर सैनिक के कमांडेंट निर्मल साहू के नेतृत्व में रेस्क्यू किया गया है। बीजापुर के शांतिनगर में एक मकान के गिरने की भी सूचना मिली है। कृषि वैज्ञानिक भीरेंद्र पालेकर ने बताया कि पूर्व से भारी बारिश की चेतावनी रही है। शनिवार रात में 9 बजे के बाद से लगातार बारिश ने लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। जिले में कई इलाकों में बाढ़ की खबर मिली है। एक ही रात में 154 मिमी बारिश रिकार्ड दर्ज की गयी है। नदी नाले के किनारे रहने वालों को सुरक्षित स्थानों पर रहने के लिए प्रशासन द्वारा प्रयास किए जा रहे हैं।

बीजापुर के तहसीलदार डीआर ध्रुव और आर आई शंकर लाल कतलाम, सुभाष कुडियम सहित पटवारी और अन्य मैदानी कर्मचारियों द्वारा बाढ़ इलाके में दौरा कर रहे हैं। साथ ही नदी नाले पार न करने की हिदायत भी दी गयी है। इधर, सुकमा जिले में भी जिला प्रशासन अलर्ट घोषित किया है। कोंटा स्थित शबरी, गोदावरी नदी पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

## टैंकर से 155 पेटी विदेशी शराब के साथ चालक गिरफ्तार



**बांका (एजेंसी)।** डीएम अंशुल कुमार के निर्देश पर शराब के विरुद्ध जिले में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में उत्पाद विभाग की टीम ने भागलपुर-हंसडीहा मुख्य मार्ग पर शुक्रवार को भलजोर चेक पोस्ट के समीप सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक बिजय कुमार पंडित व दिलीप कुमार कर रहे थे। वाहन जांच के क्रम में भलजोर चेकपोस्ट पर हिन्दुस्तान पेट्रोलियम लिखा टैंकर के दो चैंबर से 155 पेटी विदेशी शराब बरामद किया गया। मौके पर टीम ने टैंकर चालक अंशु कुमार पिता मुन्ना सिंह, भिट्ठा टोला, वार्ड नं. 16, नीमाचांदपुरा, थाना नीमाचांदपुरा, जिला बेगूसराय को गिरफ्तार कर लिया। टीम की पूछताछ में गिरफ्तार चालक ने बरामद शराब हंसडीहा से लेकर नौगछिया टौल प्लाजा लेकर जाने की बात बतायी।

